# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 19 जुलाई 2025 । श्रावण कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 । रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 102 । मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




## देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं का लगा तांता, अब तक करीब 10 लाख लोगों ने किया जलार्पण

# बासुकीनाथ में दो कांवरियों की मौत, प्रशासन ने सावधानी बरतने को कहा



शुभम संदेश। देवघर/दुमका

सावन के शुरू होते ही देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। देश-विदेश से बाबा भोलेनाथ को जलार्पण करने लोग यहां पहुंच रहे हैं. शुक्रवार तड़के 04:22 से मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया. शिवभक्तों की गूंज से पूरा रूट लाईन गुंजायमान है और सभी कांवरिया कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण कर रहे है. उल्लेखनीय है कि गत 10 जुलाई से अबतक 9 लाख 42 हजार 614 कांवरियों ने जलार्पण किया है. उधर, जिले के बाबा बासुकिनाथ धाम में चल रहे श्रावणी मेला 2025 के दौरान दो कांवरियों की मौत हो गई. एक कांवरिया की मौत चलती ऑटो से गिरने के कारण हुई, जबकि दूसरे की हार्ट अटैक से जान चली गई. इस घटना से श्रद्धालुओं और प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया. पहली घटना में बिहार के गया जिले के रवींद्र चौधरी, जो परैया थाना क्षेत्र के निवासी थे, जरमुंडी बाजार के पास चलती ऑटो से गिर पड़े. उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी जरमुंडी लाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका रेफर किया गया. वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. दूसरी घटना में, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के पुरुषोत्तम कुमार सोनी की तबीयत उस वक्त बिगड़ गई जब वे बासुकिनाथ मंदिर में जलार्पण के लिए जा रहे थे. रास्ते में ही वे बेहोश होकर गिर पड़े. उपचार के बाद उन्हें भी दुमका मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनकी हृदयाघात से मौत हो गई. परिवार की अनुमति पर पोस्टमार्टम नहीं कराया गया, और शव उन्हें सौंप दिया गया.

### श्रावणी मेला से मंदिर को 9.9 लाख रुपए की आय

**श्रावणी मेला के सातवें दिन शाम 4 बजे तक 75,925 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जल चढ़ाया**

- सामान्य रूट से : 68,355 श्रद्धालु
- शीघ्र दर्शनम से : 2,900 श्रद्धालु
- जलार्पण काउंटर से : 4,670 श्रद्धालु
- मंदिर प्रशासन को इससे लगभग 9,92,316 की आय हुई
- शीघ्र दर्शनम शुल्क से : 8,70,000

### प्रशासन की अपील

**श्रद्धालु बरतें सावधानी**

श्रावणी मेला में लाखों कांवरियों की भीड़ उमड़ रही है. प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सावधानी बरतने और भीड़-भाड़ से बचने की अपील की है. स्वास्थ्य सुविधाएं और मेडिकल टीमें लगातार तैनात हैं, लेकिन दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी स्वास्थ्य स्थिति का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है.

### ब्रीफ न्यूज

#### सावन मेले की ड्यूटी में तैनात हवलदार की मौत

**गिरिडीह।** देवघर में सावन मेले में प्रतिनियुक्त गिरिडीह के हवलदार वीरेंद्र सिंह का हार्ट अटैक से मौत हो गई. मृतक पलामू जिले के रहने वाले थे. गिरिडीह पुलिस लाइन में प्रतिनियुक्त थे. शुक्रवार को निधन के बाद जवान के शव को गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन लाया गया. जहां उन्हें अंतिम सलामी दी गई. इस दौरान डीएसपी कोसर अली, मेजर सन्नी कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे. जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह को सावन मेले कि ड्यूटी के लिए देवघर भेजा गया था. ड्यूटी के दौरान ही उनके सीने मे तेज दर्द उठा. तो पहले देवघर मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया. जहां से उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया. लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया गया. धनबाद ले जाने के दौरान वीरेंद्र सिंह की मौत हो गयी.

#### गढ़वा में सांप के डसने से दो मासूमों की मौत

**गढ़वा।** जिले के धुरकी थाना क्षेत्र स्थित गनीयारी कला कोरहटी टोला में जहरीले सांप के डसने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान 8 वर्षीय कृष्ण कुमार, पुत्र नरेश भुइयां और 10 वर्षीय बीनू कुमारी, पुत्री अखिलेश भुइयां के रूप में हुई है. दोनों बच्चे ममेरे भाई-बहन थे. यह घटना उस समय घटी जब गुरुवार रात को कृष्ण और बीनू खाना खाने के बाद जमीन पर सो रहे थे. उसी कमरे में दो अन्य बच्चे चारपाई पर सोए हुए थे. सुबह जब चारपाई पर सो रहे बच्चों की नींद खुली और उन्होंने जमीन पर सोए बच्चों को उठाने की कोशिश की, तो देखा कि कृष्ण और बीनू किसी प्रतिक्रिया में नहीं हैं. बच्चों ने तुरंत घरवालों को सूचना दी. जब पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो दोनों बच्चे अचेत अवस्था में मिले. आशंका जताई गई कि उन्हें रात में किसी जहरीले सांप ने डंस लिया. गौरतलब है कि बुधवार को भी घर में एक सांप देखा गया था, जिसे परिजनों ने मार दिया था. इसके बावजूद गुरुवार की रात यह दुखद घटना घट गई.

## गुमला: मंदिर में तोड़ी गई मूर्ति और शिवलिंग

# सड़कों पर उतर पड़े आक्रोशित ग्रामीण

- रांची-गुमला मार्ग को घंटों तक जाम कर दिया

शुभम संदेश। गुमला

जिले के सिसई प्रखंड में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली एक घटना सामने आई है. थाना रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति और शिवलिंग क्षतिग्रस्त पाए गए. गुरुवार रात जब ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी हुई, तो वे गंभीर आक्रोश में आकर सड़कों पर उतर आए और रांची-गुमला मार्ग को घंटों तक जाम कर दिया.

**मंदिर में टूटी मूर्तियां देख ग्रामीण भड़के :** स्थानीय जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम आरती करने पहुंचे पंडित ने देखा कि मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति और शिवलिंग खंडित हैं. इसकी सूचना जैसे ही गांव में फैली, बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए. इसके बाद लोगों ने एनएच-43 को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो गया.



**कैमरे से हुआ खुलासा: विक्षिप्त महिला से टूटी मूर्तियां**

पुलिस ने जब मामले की छानबीन शुरू की तो मंदिर परिसर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला मूर्तियों के पास देखी गई. जांच में सामने आया कि विक्षिप्त महिला पूजा करने मंदिर आई थी, जहां अचानक मूर्ति और शिवलिंग टूट गए. महिला सिसई क्षेत्र में अक्सर घूमती रहती है और उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं है.

प्रशासन मौके पर, आक्रोश नहीं थमा घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ सुरेश प्रसाद, बीडीओ रमेश कुमार, सीओ नितेश खलखो और थानेदार मौके पर पहुंचे. प्रशासन ने लोगों को समझाने की कोशिश की और शांति बनाए रखने की अपील की. हालांकि ग्रामीण आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे और सड़क जाम हटाने से इनकार कर दिया.

**प्रशासन की अपील-शांति बनाए रखें :** पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों से धैर्य और शांति बनाए रखने की अपील की है. साथ ही कहा गया कि मामले की जांच पूरी पारदर्शिता से की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

#### बोकारो के मजदूर की पुणे में मौत, गांव लाया शव

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के खंबरा पंचायत अंतर्गच करमांटांड गांव के एक प्रवासी मजदूर की पुणे में मौत हो गयी. मजदूर की पहचान 52 वर्षीय निरंजन हेम्ब्रम उर्फ बबलू हेम्ब्रम के रूप में हुई है. वह पुणे में मसाला पैकिंग कंपनी में काम करते थे. बुधवार को इलाज के दौरान निरंजन की मौत हो गयी, जिसके बाद उनका शव गोमिया लाया गया. मृतक की बेटी नैंसी हेम्ब्रम ने बताया कि मंगलवार को परिवार को सूचना मिली थी कि उनके पिता को सीने में तेज दर्द हुआ है. आनन-फानन में उन्हें पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. मगर बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी.

## लोहरदगा के समाजसेवी बिंदेश्वर उरांव को राष्ट्रपति से मिलने का मिला आमंत्रण

शुभम संदेश। रांची



लोहरदगा क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का क्षण तब आया जब क्षेत्र के समाजसेवी एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में मुलाक़ात के लिए 21 जुलाई 2025 को औपचारिक आमंत्रण प्राप्त हुआ है. यह अवसर न केवल बिंदेश्वर उरांव के लिए सम्मान की बात है, बल्कि पूरे क्षेत्र, विशेषकर झारखंड की आदिवासी और ग्रामीण जनता के लिए भी अभूतपूर्व गौरव का विषय है. इस ऐतिहासिक मुलाकात के दौरान बिंदेश्वर उरांव आदिवासी समाज, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रपति के समक्ष रखेंगे. बिंदेश्वर उरांव ने बताया कि यह मुलाकात मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे क्षेत्र की जनभावनाओं की अभिव्यक्ति होगी. राष्ट्रपति स्वयं झारखंड के पड़ोसी राज्य ओडिशा की पुत्री हैं, ऐसे में उनसे मिलने और अपनी बात रखने का अवसर मेरे जीवन का अमूल्य क्षण होगा. इस आमंत्रण को लेकर क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है. सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने इसे लोहरदगा और पूरे झारखंड के सम्मान का प्रतीक बताया है.

## सिमडेगा में आसमानी कहर, वज्रपात से 2 भाइयों की मौत

शुभम संदेश। सिमडेगा



जिले में गुरुवार देर शाम को दर्दनाक हादसा हो गया. जलडेगा थाना क्षेत्र के लोम्बोई बांडीसेमर गांव में खेत में काम कर रहे 2 चचेरे भाइयों की वज्रपात की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सुरेश गोंड ने अपने चचेरे भाई राजकिशोर गोंड से खेत बंधक लिया था. दोनों मिलकर खेत की जुताई करा रहे थे. इसके लिए ट्रैक्टर टिनगीना गांव से भाड़े पर मंगाया गया था, जिसे राजकिशोर खुद चला रहा था. जुताई के दौरान बारिश शुरू हो गई, तो सुरेश, राजकिशोर और ट्रैक्टर मालिक रमेश साय खेत में ट्रैक्टर छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे थे. लेकिन खेत की मेड़ पर ही वज्रपात हुआ और देखते ही देखते सुरेश और राजकिशोर की मौके पर मौत हो गई. घटना के बाद घायल रमेश साय की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे. बारिश से लबालब खेत में दोनों भाइयों के शव पानी में पड़े मिले. ग्रामीणों ने शवों को बाहर निकाला और तुरंत जलडेगा थाना को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा गया.

## सड़क दुर्घटना में सिंगार स्टोर संचालक की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव में गुरुवार रात हुई सड़क दुर्घटना में सिंगार स्टोर संचालक की मौत हो गई. तेज रफ्तार बाइक ने उसे खड़े अवस्था में पीछे से धक्का मार दिया. मृतक की पहचान रजहरा गांव के मोहम्मद गुलाम वारिस ( 28 ) के रूप में हुई है. शुक्रवार सुबह एमएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम किया गया.

परिजनों के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में वारिस सिंगार स्टोर का दुकान चलाता था. गुरुवार की रात दुकान बंद कर वारिस किशनपुर में एक ठेले पर खड़ा था और घर जाने की तैयारी कर रहा था. इसी बीच तेज रफ्तार बाइक ने उसे पीछे से धक्का मार दिया. बाइक के धक्के से गिरकर वारिस गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय ग्रामीण और परिजनों के जरिये उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी की एएसआई सुशीला टीटू, नीरज सिंह, शशि रंजन पांडे और पुलिस जवान महेंद्र कुमार, विकास कुमार अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

## चाकुलिया रेल हादसा: झाड़ग्राम के पास ट्रेन की चपेट में आकर तीन हाथियों की मौत

शुभम संदेश। चाकुलिया/झाड़ग्राम



झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर शुक्रवार सुबह एक दुखद हादसा सामने आया, जब तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आकर तीन हाथियों की मौत हो गई. यह घटना झाड़ग्राम और गिधनी रेलवे स्टेशन के बीच स्थित बसुला स्टेशन के पास हुई.

**जनशताब्दी एक्सप्रेस हाथियों से टकराई :** मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस वक्त हुआ जब खड़गपुर की ओर जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस रेलवे ट्रैक पर अचानक पहुंचे हाथियों से टकरा गई. इस टक्कर में तीन हाथियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शेष झुंड जंगल की ओर भाग गया. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सुबह के समय करीब सात हाथियों का एक दल रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में तीन हाथी आ गए. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेन को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा और ट्रैक पर आवाजाही बाधित हो गई.

**वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची :** घटना की जानकारी मिलते ही झाड़ग्राम वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शवों को ट्रैक से हटाकर रेल संचालन को बहाल कराया. अधिकारियों के मुताबिक, यह क्षेत्र हाथियों के पारंपरिक रास्ते में आता है.

## रांची सहित कई जिलों में मौसम हुआ साफ, धूप खिलने से मिली राहत

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची सहित कई जिलों में मौसम साफ हो गया है. मौसम साफ होते धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली. रात-दिन बारिश होने से कई इलाकों में जल जमाव हो गया था और लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया था. इससे प्रशासन और आम लोगों को राहत कार्य करने में परेशानी हो रही थी. लेकिन मौसम साफ होने के बाद राहत कार्यो में तेजी आएगी। साथ ही बारिश नहीं होने से राज्य भर में कृषि कार्य मे तेजी आएगी. वहीं किसान सब्जी की खेती भी लगाएंगे. बारिश बंद होते ही किसान खेतों के काम मे जूट गए हैं और बिछड़े उखाड़कर धनरोपनी करने लगे हैं. इस बार अच्छी बारिश होने से राज्य भर में खरीफ की अच्छी फसल होने की संभावना है. वहीं, मौसम विभाग ने बताया कि आनेवाले कुछ दिनों तक राज्य भर में बारिश नहीं होगी. पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश चतरा जिले के हंटरगंज में 132 मिमी रिकॉर्ड की गई। वहीं शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और धूप रही.

## जमशेदपुर: डेंगू-चिकनगुनिया से सतर्क रहने की जिला प्रशासन ने की अपील

# साफ-सफाई का रखें ध्यान, पानी जमा न होने दें आस-पास

शुभम संदेश। जमशेदपुर




मानसून के मौसम में डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. इसे देखते हुए शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है. प्रशासन ने कहा है कि साफ-सफाई बनाए रखकर, पानी जमा न होने देकर और मच्छरदानी या रिपेलेंट का उपयोग कर इन बीमारियों से बचा जा सकता है.

**डेंगू के लक्षण :** डेंगू के सामान्य लक्षणों में पूरे शरीर में दर्द, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों में दर्द और त्वचा पर लाल धब्बे का होना शामिल है. इसके अलावा नाक, मसूढ़ों या उल्टी से खून आना, काला मल आना इसके गंभीर लक्षण हैं. वहीं चिकनगुनिया के लक्षणों में अचानक तेज बुखार और शरीर के जोड़ों में दर्द प्रमुख हैं. कई मरीजों के शरीर पर दाने भी निकल आते हैं.

**प्रशासन ने किया जागरूक :** प्रशासन ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि डेंगू और चिकनगुनिया दोनों ही संक्रमित मादा एडिज मच्छर के काटने से होते हैं, जो दिन के समय काटता है और साफ पानी में पनपता है. इसलिए दिन में भी मच्छरदानी का इस्तेमाल करें और मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग करें. घर के कूलर, टूटे-फूटे बर्तनों, गमले और फूलदान का पानी बदलते रहें ताकि मच्छरों को पनपने का मौका न मिले. आसपास की जगहों को साफ-सुथरा रखें और मच्छर पनपने वाली जगहों पर कीटनाशी दवाओं का छिड़काव करें. जमा हुए पानी में मिट्टी का तेल डालना भी लाभकारी है.

### हर बुखार डेंगू नहीं

जिला प्रशासन ने कहा है कि हर बुखार डेंगू या चिकनगुनिया नहीं होता, लेकिन यदि बुखार के साथ उपरोक्त लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमंडल अस्पताल घाटशिला, सदर अस्पताल अथवा एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचें. इन जगहों पर जांच और इलाज की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है. प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि तेज बुखार होने पर एस्प्रिन या ब्रुफेन की गोलियां नहीं लें, इसके लिए केवल पारासिटामोल सुरक्षित दवा है. प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बीमारी के लक्षण दिखने पर बिना समय गंवाए चिकित्सक से संपर्क करें. समय पर इलाज कराने से डेंगू और चिकनगुनिया के मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकते हैं. स्वास्थ्य सलाह के लिए 104 नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है.

## सरकारी स्कूल के बच्चे बोलेंगे फर्राटेदार इंग्लिश, शिक्षकों को किया जा रहा प्रशिक्षित

शुभम संदेश। हजारीबाग

झारखंड सरकार अब सरकारी स्कूलों के बच्चों को फराटेदार अंग्रेजी बोलने के लिए तैयार कर रही है. हजारीबाग के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में शिक्षकों को अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. यह पहल राज्य सरकार के अंग्रेजी शिक्षा को लेकर उठाए गए बड़े कदमों का हिस्सा है. हजारीबाग के डाइट में हाई स्कूल और प्लस टू के शिक्षकों के लिए 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है. इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को अंग्रेजी बोलने में दक्ष बनाना है, ताकि वे बच्चों को अधिक प्रभावी तरीके से अंग्रेजी पढ़ा सकें. प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल शिक्षकों को इंग्लिश बोलने में निपुण बनाना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि बच्चों को अंग्रेजी की पढ़ाई एक अच्छे माहौल में दी जा सके. राज्य सरकार का मानना है कि सरकारी स्कूलों में इंग्लिश की गुणवत्ता को सुधारने से छात्रों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा.

झारखंड के ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का स्तर औसतन कम होता है, और बच्चे अक्सर अंग्रेजी से डरते हैं. हालांकि, राज्य सरकार की यह पहल अब इन बच्चों को भी एक अच्छा इंग्लिश माहौल देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक बताते हैं कि झारखंड में कई शिक्षक ऐसे हैं जिनका अंग्रेजी ज्ञान अच्छा नहीं है. जैक परीक्षा से मैट्रिक पास करने वाले कई शिक्षक, इंग्लिश बोलने में असहज महसूस करते हैं. ऐसे में इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को बेहतर माहौल मिलेगा, और परिणामस्वरूप बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिलेगी. इस प्रशिक्षण का असर आने वाले समय में साफ तौर पर दिखने लगेगा, क्योंकि शिक्षकों के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण से सरकारी स्कूलों के छात्र बेहतर अंग्रेजी बोलने में सक्षम होंगे. राज्य सरकार का यह कदम सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी शिक्षा के स्तर को सुधारने में अहम साबित होगा, जिससे बच्चों की शैक्षिक सफलता में वृद्धि होगी.

## राजधानी रांची में बड़ा हादसा : पिस्का मोड़ में गिरा जर्जर स्कूल भवन

# बुजुर्ग की मौत, दो घायल, डीसी ने दिए मुआवजा देने के निर्देश

शुभम संदेश। रांची



शहर के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित पिस्का मोड़ के पास शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. टंगरा टोली में स्थित एक पुराने और लंबे समय से बंद पड़े स्कूल भवन की छत अचानक गिर गई, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति की मलबे में दब कर मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए. दोनों को अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया. बताया जा रहा है कि घटना के समय स्कूल भवन के पास कुछ लोग खड़े थे. जबकि कुछ लोग इमारत के अंदर मौजूद थे. तभी अचानक छत भरभराकर गिर पड़ी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई. पुलिस के अनुसार जिस स्कूल की छत गिरी है वह सरकारी स्कूल था, जो लंबे समय से बंद पड़ा था. भवन की हालत काफी जर्जर हो चुकी थी, जिस कारण स्कूल को सरकार द्वारा बंद कर दिया गया था. हालांकि स्कूल के खाली भवन में कुछ लोग रात में सोते थे. इसी दौरान शुक्रवार सुबह यह दर्दनाक हादसा हो गया. थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि जर्जर भवन का छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है. जबकि दो लोग घायल हैं. उन्हें अस्पताल भेजा गया है.

### यह भवन अनुपयुक्त घोषित किया जा चुका था

रांची के उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने इस दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए मृतक के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा देने और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया है. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह भवन पूर्व में ही उपयोग के लिए अनुपयुक्त घोषित किया जा चुका था. अब इसे पूरी तरह ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस प्रकार की कोई दुर्घटना न हो.

### लोगों से अपील: भवन में प्रवेश न करें

प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय परिसर में प्रवेश न करें. भवन की स्थिति पूरी तरह असुरक्षित है और इसमें किसी भी प्रकार की गतिविधि करना जोखिमपूर्ण हो सकता है.

## एक नजर

### छात्रों ने सीखी आग से बचाव की बारीकियां



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग, धुर्वा केंद्र के सहयोग से छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था. इस मौके पर अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार और गौतम कुमार ने छात्रों को अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी और आग से निपटने के व्यावहारिक तरीके सिखाए. विभाग के कर्मियों ने आग बुझाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर छात्रों को इसकी तकनीकी बारीकियां भी समझाईं. विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने कहा कि अक्सर घर या आसपास आग लगने जैसी आपातकालीन घटनाएं घटती हैं, ऐसे में छात्रों को इस तरह का प्रशिक्षण जीवन रक्षक साबित हो सकता है. उन्होंने अग्निशमन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने बच्चों को व्यावहारिक जानकारी दी.

### सावन सिंधारा के कार्यक्रमों में झूमीं महिलाएं



**रांची।** समर्पण शाखा की ओर से सावन सिंधरा का आयोजन शुक्रवार को कड़ी पत्ता रेस्ट्रोरेंट कचहरी रोड में किया गया. कार्यक्रम में शाखा की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और जमकर झूमी. कार्यक्रम के दौरान सभी महिला सदस्य मारवाड़ी और रेट्रो लुक में सज धज कर पहुंचीं. सभी सदस्यों ने डांस कॉम्पोटीशन में भाग लिया. साथ ही सभी ने एक से बढ़कर एक डांस की प्रस्तुति दी. सभी को तरह-तरह का गेम खेलाया गया और विजेता को पुरस्कार भी दिया गया.कार्यक्रम की संयोजिका कंचन सोमानी, कविता सोमानी, रंजूमालपानी, सोनम शर्मा ने बहुत ही सुंदर तरीके से कार्यक्रम को प्रस्तुत किया. मौके पर संयोजिका ने बताया कि सभी महिला सदस्यों को उपहार भेंट किया गया है. वहीं रांची समर्पण शाखा की तरफ से बेस्ट डांस, बेस्ट मारवाड़ी थीम ड्रेस अप, बेस्ट रेट्रो थीम ड्रेस करके आई बहनों को पुरस्कृत किया गया. सबने बहुत आनंद उठाया.

### आईसीएआई के मासिक न्यूजलेटर का लोकार्पण

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), रांची शाखा के मासिक न्यूज़लेटर (जुलाई संस्करण) का शुक्रवार को लोकार्पण नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया. इस अवसर पर रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, उपाध्यक्ष सीए अनीश जैन, सचिव सीए भुवनेश कुमार ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य सीए हरेन्द्र भारती, सदस्य सीए उमेश कुमार, सीए अंशु गुप्ता और सीए हर्ष अग्रवाल उपस्थित थे. शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने मंत्री को न्यूज़लेटर की विषयवस्तु, उद्देश्य और इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने कहा कि आईसीएआई रांची शाखा निरंतर इस प्रकार के ज्ञानवर्धक और संवादात्मक प्रयासों के माध्यम से समाज और पेशे से जुड़े लोगों को एक मजबूत मंच प्रदान करती रही है और आगे भी करती रहेगी.

### संत जेवियर्स कॉलेज में भारतीय तटरक्षक बल का संवाद, छात्रों में बढ़ा राष्ट्रसेवा का उत्साह

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा शक्ति, राष्ट्र रक्षा की भागीदार संदेश को आगे बढ़ाते हुए, भारतीय तटरक्षक बल (Indian Coast Guard) ने रांची के संत जेवियर्स कॉलेज में एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के छात्रों को रक्षा सेवा में करियर के बारे में जानकारी देना था. इस मौके पर कमांडेंट जेजी थॉमस ने छात्रों से बातचीत की और उन्हें बताया कि भारतीय तटरक्षक बल क्या काम करता है – जैसे समुद्र की सुरक्षा, तस्करी रोकना, लोगों की मदद करना आदि. उन्होंने बताया कि इस सेवा में कैसे भर्ती होती है और इसमें क्या-क्या करना होता है. छात्रों ने बहुत से सवाल पूछे, जिनका जवाब उन्होंने सरल भाषा में दिया. इससे छात्रों को इस क्षेत्र को समझने में मदद मिली.

### सदान विकास परिषद की बैठक कल

**रांची।** सदान विकास परिषद केंद्रीय समिति ने राज्य में निवास करने वाले 78% सदानो के मौलिक अधिकार बचाने एवं राज्य में एकल पद को आरक्षण से मुक्त करने कि मांगों को लेकर रविवार 20 जुलाई को रांची जिला अंतर्गत नगड़ी प्रखंड मे केन्द्रीय समिति एवं विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया है. इस बैठक में एकल पद को आरक्षण से मुक्त करते हुए झारखंड को छठी अनुसूची में शामिल नहीं करने और आदिवासी राज्य बनाने की साजिश को लेकर इस बैठक में विशेष रूप से चर्चा की जाएगी.

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए एक मात्र उम्मीदवार सज्जन पाड़िया

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र- 2025 -27 के अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु एक उम्मीदवार सज्जन कुमार पाड़िया का नामांकन पत्र दाखिल हुआ. मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक नारसरिया ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई अपराह्न 4 बजे तक थी. शाम 5 बजे नामांकन पत्र जांच करने के बाद सज्जन कुमार पाड़िया की उम्मीदवारी वैध पाया गया. उम्मीदवारी की अंतिम सूची 20 जुलाई को जारी की जाएगी. नारसरिया ने बताया कि सज्जन कुमार पाड़िया ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था. मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद सारस्वत तथा नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, अमित जालान आदि उपस्थित थे. उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी.

# रांची के कई थानों में बदले गए थाना प्रभारी

## कई थानेदार पुलिस केंद्र भेजे गए

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में प्रशासनिक कारणों और बेहतर कार्य संचालन को ध्यान में रखते हुए पुलिस पदाधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है. जारी आदेश के अनुसार कुल 20 पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए नवीन पदस्थापना दी गई है. उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे अविलंब अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान दें और अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करे.

| नाम | कहां थे | कहां गए |
|---|---|---|
| पुअनि अभिषेक राय | थाना प्रभारी नगड़ी | थाना प्रभारी खेलगांव |
| पुअनि अभिषेक कुमार-2 | सुखदेव नगर | थाना प्रभारी लापुंग |
| पुअनि प्रवीण कुमार-2 | डेलीमार्केट | थाना प्रभारी नगड़ी |
| पुअनि प्रवीण कुमार मोदी | तमाड़ थाना | थाना प्रभारी तमाड़ |
| पुअनि सिद्धांत | सुखदेव नगर | थाना प्रभारी ठाकुर गांव |
| पुअनि गणेश यादव | दशमफॉल थाना | थाना प्रभारी विधानसभा |
| पुअनि दीपक नारायण सिंह | सदर थाना | ओपी प्रभारी पुंदाग |
| पुअनि गगन कु ठाकुर | डीसीबी शाखा | ओपी प्रभारी मूरी |
| पुअनि सुजीत कु उरांव | नगड़ी थाना प्रभारी | दलादली टीओपी |
| पुअनि प्रेम प्रदीप कुमार | बुंडू थाना | थाना प्रभारी सोनाहातु |
| पुअनि सचिन कु मिश्रा | हिंदपीढ़ी थाना थाना | प्रभारी सिकदरी |
| पुअनि विश्वजीत कु सिंह | थाना प्रभारी विधानसभा | प्रभारी डीसीबी शाखा |
| पुअनि दीपक कु सिन्हा | थाना प्रभारी सिकदरी | पुलिस केंद्र रांची |
| पुअनि कुंदन कुमार | ओपी प्रभारी मूरी | पुलिस केंद्र रांची |
| पुअनि चंद्रशेखर सिंह | थाना प्रभारी खेलगांव | पुलिस केंद्र रांची |
| पुअनि रौशन कुमार | थाना प्रभारी तमाड़ | पुलिस केंद्र रांची |
| पुअनि विकास कु सिंह | प्रभारी दलादली टीओपी | पुलिस केंद्र रांची |
| पुअनि संतोष कु यादव | थाना प्रभारी लापुंग | पुलिस केंद्र रांची |
| पुअनि विनीत कुमार | थाना प्रभारी ठाकुरगांव | पुलिस केंद्र रांची |
| पुअनि चंदन कुमार-1 | थाना प्रभारी सोनाहातु | पुलिस केंद्र रांची |

### ईडी के पूरक आरोप पत्र पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के अवैध खनन मामले में ईडी के पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लिया है. इसके बाद अब कोर्ट इस आरोप पत्र में शामिल अन्य अभियुक्तों को समन जारी करेगा. ट्रायल कोर्ट में अब इस मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी. 1 जुलाई को ईडी ने लंबे समय से फरार चल रहे राजेश यादव उर्फ दाहू यादव समेत आठ आरोपियों के विरुद्ध पूरक आरोप पत्र (सप्लीमनेट्री प्रोसिक्यूशन कंप्लेन) दायर किया है. इसमें कुछ कंपनियों के नाम भी शामिल हैं.

## रांची में ऑनलाइन जुआ गिरोह का भंडाफोड़

# 14 युवक गिरफ्तार, भारी मात्रा में उपकरण बरामद

शुभम संदेश। रांची



रांची पुलिस ने ऑनलाइन जुआ और अवैध गेमिंग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 14 युवकों को गिरफ्तार किया है. ये सभी आरोपी पिछले एक महीने से बरियातू हाउसिंग कॉलोनी के रोड नंबर-2 स्थित एक किराए के मकान में रहकर ऑनलाइन गेमिंग का संचालन कर रहे थे. इनके पास से पुलिस ने पांच लैपटॉप, 17 मोबाइल फोन और विभिन्न बैंकों के 90 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं. डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी.

**गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई:** एसएसपी ने बताया कि 17 जुलाई की रात गुप्त सूचना मिली थी कि बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में कुछ लोग ऑनलाइन गेमिंग और अन्य अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं. इसके बाद एक टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने इलाके में छापेमारी की और एक मकान से 14 लड़कों को पकड़ा.

**बाहरी नेटवर्क से हो रहा था संचालन:** पूछताछ में लड़कों ने बताया कि वे पिछले एक माह से इस मकान में रहकर ऑनलाइन गेमिंग का संचालन कर रहे थे. उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लोग बाहर से उन्हें गाइड करते थे और कभी-कभी उनसे मिलने आते थे. गिरफ्तार लड़कों को इस काम के लिए प्रति माह 15,000 से 20,000 रुपये मिलते थे.

**ये थे पुलिस टीम में शामिल:** पुलिस उपाधीक्षक सदर 2. थाना प्रभारी बरियातु 3. पुअनि बरियातु - विश्वाजीत कुमार 4. पुअनि बरियातु - भानु कुमार भारती 5. पुअनि बरियातु - जॉयदीप बोष 6. पुअनि सुबोध कुमार 7. ह-31 रविन्द्र पासवान 8. आरक्षी - 1391 अजीत कुमार सिंह 9. आरक्षी 941 भोला भगत 10. आरक्षी 3672 प्रमोद डुंगडुंग 11. आरक्षी 1630 सुशील उरांव 12. आरक्षी 3653 सुनिल कच्छप.

### इन 14 लोगों को किया गया गिरफ्तार

- केशव कुमार (उम्र 19 वर्ष), पता : भाव छपरा, मीनापुर, जिला : मुजफ्फरपुर, बिहार
- आलोक बलजीत (उम्र 20 वर्ष), पता : काश नगर, लोकमन्य टोला, जिला : सहरसा, बिहार
- समीत कुमार (उम्र 21 वर्ष), पता : पहाड़पुर, जिला : शिवहर, बिहार
- दिलीप कुमार (उम्र 27 वर्ष), पता : महारस, जिला : सहरसा, बिहार
- लव कुमार (उम्र 24 वर्ष), पता : बिकोठी मंडल, जिला : पूर्णिया, बिहार
- नीतीश कुमार (उम्र 19 वर्ष), पता : झोवाडीह, जिला : पूर्णिया, बिहार
- अंजन कुमार (उम्र 23 वर्ष), पता : झोवाडीह, जिला : पूर्णिया, बिहार
- सुबोध कुमार (उम्र 25 वर्ष), पता : हड़गड़िया, जिला : सुपौल, बिहार
- कृष्ण कुमार (उम्र 19 वर्ष), पता : जमुनिया, जिला : सहरसा, बिहार
- साजन कुमार (उम्र 19 वर्ष), पता : झोवाडीह, जिला : पूर्णिया, बिहार
- अरुष यादव (उम्र 25 वर्ष), पता : करजाइन, जिला : सुपौल, बिहार
- पंकज कुमार (उम्र 21 वर्ष), पता : महारस, जिला : सहरसा, बिहार
- वेक कुमार (उम्र 22 वर्ष), पता : विजयपुर, जिला : सहरसा, बिहार
- रौशन कुमार (उम्र 28 वर्ष), पता : नंदना, जिला : मुजफ्फरपुर, बिहार

### यातायात प्रशासन के रवैये के खिलाफ आंदोलन करेगा संघ

**रांची।** शहर में यातायात प्रशासन की ओर से ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है. इससे ऑटो व ई रिक्शा चालक की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है. ये बातें शुक्रवार को प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी विज्ञप्ति जारी कर कही. उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से अभियान के नाम पर चालकों को परेशान किया जा रहा. इससे ऑटो चालक अपने वाहनों का किस्त भी जमा नहीं कर पा रहे हैं. इसका लाभ रांची में नगर निगम की ओर चल रहे डीजल बस चालक और इटकी के ठेकेदार उठा रहे हैं. उन्होंने बताया कि ये सभी एमजी रोड में बसों में ओवरलोडिंग कर रहे हैं और बिना यात्री पड़ाव के बेवजह जहां-तहां रोकते हुए यात्रियों से मनमाना तरीके से किराया भी वसूल रहे हैं.

## होनहार बिरवान के होत चिकने पात

### प्रांजल अग्रवाल समुद्र संरक्षण पर नेशनल लेटर राइटिंग प्रतियोगिता में आया प्रथम

शुभम संदेश। रांची



वडोदरा शहर के 11 वर्षीय प्रांजल अग्रवाल ने भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित नेशनल लेटर राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. इस प्रतियोगिता में देश भर से हजारों छात्रों ने भाग लिया था. प्रांजल अग्रवाल, जो वडोदरा के डॉन बॉस्को स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ता है, ने समुद्रों की रक्षा - भविष्य की रक्षा विषय पर प्रभावशाली और भावनात्मक पत्र लिखा था. उनका यह पत्र गुजरात सर्कल में प्रथम चुना गया, और फिर नेशनल लेवल पर भी श्रेष्ठता साबित करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया. प्रांजल ने पत्र में समुद्र की बढ़ती गंदगी, प्लास्टिक प्रदूषण, समुद्री जीवों के संकट और भविष्य की पीढ़ियों के लिए समुद्रों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया. इस सफलता पर प्रांजल ने बताया कि उन्हें प्रकृति से बेहद लगाव है और वह पर्यावरण की रक्षा के लिए हमेशा सजग रहते हैं. उन्हें अपने इस लेखन के लिए डाक विभाग की ओर से प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि भी प्राप्त हुई है. उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता गौरवान्वित हैं, बल्कि स्कूल और शहर का भी नाम रौशन हुआ है.

### जेएसबीसीएल की 716 दुकानों से शराब की खुदरा बिक्री शुरू

**रांची।** झारखंड बिवरेजेज कॉरपोरेशन ने मैनवापर सप्लायर कंपनियों से दुकानें वापस लेने के बाद 716 दुकानों से शराब की बिक्री शुरू कर दी है. वापस ली गयी बाकी बची दुकानों से शराब की बिक्री अगले सप्ताह तक शुरू हो जाएगी. उत्पाद आयुक्त के निर्देश के आलोक में नीलामी के लिए जिला स्तर पर दुकानों की और स्थान के चुनाव का काम शुरू कर दिया गया है.सरकार ने उत्पाद नीति 2025 लागू करने के लिए मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से दुकानों को वापस लेने का फैसला किया था. क्योंकि नयी नीति में शराब की खुदरा बिक्री के लिए दुकानों की नीलामी का प्रावधान है. इस बात के मद्देनजर उत्पाद विभाग ने एक जुलाई से मैनपावर के सहारे चलायी जा रही शराब की 1453 दुकानों को वापस लेने की कार्रवाई शुरू की थी.

### ऐसी व्यवस्था बनाएं कि ग्रामीणों को जिला में नहीं लगानी पड़े दौड़ : मंत्री

शुभम संदेश। रांची



ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पाण्डेय ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण, पंचायती राज विभाग की कार्य योजनाओं की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा की. इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास की बुनियाद पंचायत स्तर पर मजबूत होनी चाहिए. इसे मजबूत बनाने की जरूरत है. इसी उद्देश्य से उन्होंने पंचायत सचिवालयों को और अधिक क्रियाशील और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है. मंत्री ने अधिकारियों से इसका पालन करने का निर्देश दिया. मंत्री ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाएं कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही जाए और उन्हें जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़े. बैठक के दौरान मंत्री ने विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता की समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाएं लक्षित वर्गों तक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे. मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार की मंशा है कि पंचायती व्यवस्था को मजबूत कर गांव की सरकार को धरातल पर उतारा जाए और इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो.

**जांच-पड़ताल** रांची डीसी का रातू अंचल में औचक निरीक्षण, अफसरों को दिए कड़े निर्देश

# जनता से भी बातचीत कर उनकी परेशानियों को जाना

शुभम संदेश। रांची



जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को रातू अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल सरकारी कामकाज की जमीनी हकीकत को परखा, बल्कि आम जनता से भी बातचीत कर उनकी परेशानियों को जाना और त्वरित समाधान के निर्देश दिए.

**हाजिरी जांच और योजनाओं की समीक्षा:** जैसे ही उपायुक्त कार्यालय पहुंचे, सबसे पहले उन्होंने सभी कर्मचारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया और हाजिरी रजिस्टर की जांच की. उसके बाद रातू प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से अबुआ योजना की प्रगति की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने कई अन्य योजनाओं व प्रशासनिक मुद्दों पर भी सवाल-जवाब किए.

**सीएचसी की स्थिति पर विशेष ध्यान:** डीसी भजंत्री ने रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की स्थिति की भी जानकारी ली. मौके पर सीएचसी प्रभारी सुजीत कश्यप मौजूद रहे. स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी चर्चा की गई.

**जनता से सीधे संवाद:** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परिसर में मौजूद लोगों से सीधा संवाद किया. एक सेवानिवृत्त पेंशनभोगी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे थे, जिनकी बात डीसी ने खुद सुनी और संबंधित पदाधिकारी को समस्या का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया.

### कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक

- निरीक्षण के अंत में डीसी ने सभी कर्मचारियों और पंचायत सदस्यों के साथ बैठक की और कई अहम दिशा-निर्देश दिए.
- जनता को काम के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े.
- महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष प्राथमिकता दी जाए.
- सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचे.
- कार्यालय में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो.

**बिचौलियों पर सख्ती:** डीसी ने अंचल कार्यालय में बिचौलियों की भूमिका को लेकर सख्त नाराजगी जताई. उन्होंने साफ कहा कि किसी भी हाल में कार्यालय परिसर में बिचौलियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए. जिन लोगों पर शक हुआ, उनसे पूछताछ की गई और उनके बारे में पूरी जानकारी ली गई.

**हर सोमवार को जनता दरबार:** डीसी भजंत्री हर सोमवार को डीसी कार्यालय में जनता दरबार लगाते हैं, जिसमें आम लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान भी कर दिया जाता है. इसके अलावा वे लगातार जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं.

## पासवा के ग्रीन झारखंड की संकल्पना को साकार करने के लिए

# स्कूली बच्चे मना रहे पर्यावरण जागरूकता सप्ताह : आलोक दूबे

शुभम संदेश। रांची



पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के दिशा-निर्देशन में झारखंड के विभिन्न जिलों में निजी विद्यालयों के लाखों विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण जागरूकता सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है. इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है. इस विशेष सप्ताह के अंतर्गत प्रदेश भर के विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पेंटिंग, तथा पौधारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. आलोक दूबे ने जानकारी दी कि झारखंड में 47,000 से अधिक निजी विद्यालय हैं, जिनमें लाखों बच्चे पढ़ते हैं. ऐसे में पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का सबसे प्रभावी माध्यम ये विद्यालय और उनके विद्यार्थी बन सकते हैं. ग्रीन झारखंड अभियान के तहत राज्य भर में 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे विद्यालयों के बच्चे अपने अभिभावकों की मदद से पूरा करने में जुटे हैं. इसी क्रम में चतरा जिले के गॉडफ्रे स्कूल में शुक्रवार को पासवा के तत्वावधान में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह आयोजन पासवा के महासचिव नीरज कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ. बच्चों ने हमारा पर्यावरण, हमारी जिम्मेदारी जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं, जो भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत हैं. मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दूबे ने विद्यालय परिवार और नन्हे बच्चों को पर्यावरण जागरूकता की दिशा में उनके प्रेरणादायक योगदान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं.

## ब्रीफ न्यूज

### वज्रपात से झामुमो के झाबर पंचायत अध्यक्ष की मौत

**लातेहार।** शुक्रवार दोपहर बाद हुई बारिश और वज्रपात की चपेट में आने से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बालूमाथ के झाबर पंचायत अध्यक्ष आनंद उरांव की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. मृतक आनंद उरांव बालूमाथ प्रखंड के सुइया टोला निवासी थे. प्राप्त जानकारी के अनुसार, आनंद उरांव खेत में काम निपटाने के बाद घर लौटकर भोजन कर रहे थे, तभी तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हुआ और वे उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए. परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ लेकर पहुंचे, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया.

### तेज रफ्तार बाइक के धक्के से दुकान संचालक की मौत

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत किशुनपुर चौक पर तेज रफ्तार बाइक के कारण एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक की पहचान राजहरा निवासी सद्दाम अंसारी (30) के रूप में हुई है, जो किशुनपुर में जुता-चप्पल की दुकान चलाते थे. घटना के वक्त वह अपनी दुकान बंद कर किशुनपुर चौक के किनारे खड़े थे, तभी अचानक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. धक्के के बाद सद्दाम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उन्हें तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि बाइक चलाने वाला व्यक्ति डंडई गांव का नाबालिग है. पुलिस ने किशुनपुर ओपी प्रभारी के अनुसार, बाइक को बरामद कर थाना ले जाया गया है, लेकिन अभी तक मृतक के परिवार की ओर से कोई आवेदन पुलिस को नहीं मिला है.

### महिलाओं की नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी जरूरी: उपायुक्त

**लातेहार।** शुक्रवार को नगर भवन लातेहार में 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांस, समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. उपायुक्त ने कहा कि जब तक महिलाएं नेतृत्व में सक्रिय भाग नहीं लेंगी, तब तक वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं है. महिला मुखिया को अपने निर्णय खुद लेने होंगे, न कि पति या किसी रिश्तेदार के इशारे पर.

### उपायुक्त ने की नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा

**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक की शुरुआत पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी से हुई. उपायुक्त ने अधिकारियों से यह स्पष्ट रूप से कहा कि सभी योजनाओं और विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए. बैठक के दौरान साफ-सफाई, जलजमाव जैसी स्थानीय समस्याओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई. उपायुक्त ने इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया. उन्होंने यह भी कहा कि मानसून को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि आम नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो.

## जिले में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

# जलजमाव से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल

**शुभम संदेश। लातेहार**



जिले में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है. नगर पंचायत क्षेत्र के बहेरटांड़ मुहल्ले से लेकर शिवपुरी रोड और मेन रोड तक जलजमाव की वजह से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है. सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, राहगीरों और दुकानदारों को हो रही है. घुटनों भर पानी में लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे न केवल रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ गया है. बहेराटांड़ मुहल्ले में स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है. यहां जलजमाव इतना ज्यादा है कि लोगों को घुटनों तक भरे पानी में चलना पड़ रहा है. बच्चों को स्कूल पहुंचाने के लिए अभिभावक उन्हें गोद में उठाकर ले जा रहे हैं. स्थानीय निवासी सत्येंद्र सिन्हा, आशीष प्रसाद, युगेश्वर राम, संगीता देवी और विनोद यादव ने बताया कि हर साल बरसात में यही स्थिति बनती है. उन्होंने बताया कि उन्होंने 16 जुलाई को नगर पंचायत को जल निकासी की मांग को लेकर आवेदन भी दिया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से बहेराटांड़ मुहल्ले से एक नाला (ढोढ़हा) बहता है जिसमें सालों भर पानी रहता है. नाले पर पुलिया निर्माण की मांग कई बार उठाई जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं. इससे नाराज लोगों ने प्रशासन से शीघ्र राहत दिलाने की मांग की है. जिला मुख्यालय स्थित शिवपुरी मुख्य मार्ग पर भी जलजमाव की स्थिति भयावह हो गई है. जुबली चौक से बाजार तक जाने वाली इस सड़क पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है. जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही रुक गया है. दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि वे कई बार नगर पंचायत से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य रहा. स्थानीय लोगों ने बताया कि फिसलन की वजह से राहगीर गिर रहे हैं और दोपहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. दुकानों तक ग्राहक पहुंचने में हिचकिचा रहे हैं, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ा है. शहर के मेन रोड पर अवध जी का ढाबा के पास आंगनबाड़ी केंद्र की ओर जाने वाली सड़क भी पूरी तरह से कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी है. मिट्टी-मोरम की यह सड़क अब इतनी बदहाल हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. यहां आने-जाने वाले आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर भी नगर पंचायत को कई बार आवेदन दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है. लगातार बारिश और जलजमाव से परेशान लातेहार के नागरिकों ने नगर पंचायत और जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से जल निकासी की व्यवस्था करने, बहेराटांड़ में पुलिया निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने और खराब सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा और अधिक बढ़ जाएगा.

## उपायुक्त समीरा एस ने की आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा, कहा

# हर पीवीटीजी लाभुक को मिले राशन

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

उपायुक्त समीरा एस ने आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आदिम जनजाति समूहों (पीवीटीजी) के बीच राशन वितरण को लेकर सख्त निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि एक भी पीवीटीजी लाभुक बिना राशन के न रहे, इसके लिए शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करना होगा. समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने बीएसओ लॉगिन में पेंडिंग एप्लीकेशन की स्थिति का भी जायजा लिया. समीक्षा के दौरान चैनपुर प्रखंड में सबसे अधिक आवेदन पेंडिंग पाए गए, वहीं पाटन प्रखंड राष्ट्रीय पोर्टल पीजीएमएस पर प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक था. इस संदर्भ में उपायुक्त ने दोनों प्रखंडों के एमओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने लॉगिन में पड़े आवेदनों को तत्काल फॉरवर्ड एवं निष्पादित करें.

बैठक में उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), ग्रीन कार्ड, सोना-सोबरन धोतीसाड़ी योजना, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं का प्रखंडवार विस्तार से अवलोकन किया. जिला खाद्यान्न अधिकारी (डीएसओ) प्रीति किस्कू ने बताया कि जिले में 95 प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है. इसके साथ ही राशन कार्ड डिलिशन के चलते वेकैंसी न बनने की समस्या को लेकर उपायुक्त ने डीएसओ को राज्य स्तर पर समन्वय स्थापित कर इसका समाधान निकालने का निर्देश दिया. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जून और जुलाई माह में किए गए खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सदर मेदिनीनगर, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और तरहसी प्रखंडों में राशन वितरण कार्य को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए. इसके अतिरिक्त, सितंबर माह के 25 तारीख तक के खाद्यान्न उठाव एवं गोदामवार डीएसडी की समीक्षा की गई. बैठक में धान अधिप्राप्ति, सीसीएमआर जमा करने की स्थिति, जुलाई 2025 के राशन उठाव एवं वितरण के साथ ही चीनी, चना दाल वितरण समेत अन्य संबंधित मामलों की भी विस्तृत चर्चा हुई.

उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि राशन वितरण में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, विशेषकर आदिम जनजाति परिवारों को समय पर और उचित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराना प्राथमिकता हो. उन्होंने विभिन्न गोदामों के एजीएम और एमओ से भी कहा कि वे अपने क्षेत्र में राशन आपूर्ति को बाधित न होने दें और किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित समाधान करें. इस बैठक में उपायुक्त द्वारा की गई कड़ी समीक्षा और दिशा-निर्देशों से जिले में खाद्यान्न वितरण की गुणवत्ता एवं पहुंच को और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है. साथ ही राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी और दुरुस्त बनाने के लिए अधिकारीगत कार्यों में तेजी लाई जाएगी, ताकि लाभुकों को समय पर राशन मिल सके.



### कंपनी स्थानीय भू रैयतों को रोजगार में प्राथमिकता दे: एसडीओ



**लातेहार।** बालूमाथ मगध कोल माइंस से जुड़े रोजगार एवं जमीन के मुआवजा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर शुक्रवार को सीसीएल कार्यालय, बालूमाथ में अहम बैठक हुई. इस बैठक में लातेहार के एसडीओ अजय कुमार रजक, सीसीएल महाप्रबंधक नृपेन्द्रनाथ, परियोजना पदाधिकारी सदाला सतनारायण, आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर के महाप्रबंधक श्रीनिवासन रेड्डी तथा विस्थापित भू रैयत ग्रामीण शामिल हुए. बैठक में ग्रामीणों ने जीएम लैंड के समुचित मुआवजा, विस्थापन नीति के तहत लाभ तथा स्थानीय विकास की मांग प्रमुखता से रखी. इस पर एसडीओ अजय कुमार रजक ने स्पष्ट किया कि जीएम लैंड से संबंधित लाभ तभी संभव है जब संबंधित कागजातों की जांच अंचल कार्यालय, बालूमाथ में पूरी तरह से हो जाए. उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर को निर्देश दिया कि वह स्थानीय भू रैयतों को उनकी क्षमता के अनुरूप रोजगार में प्राथमिकता दे. सीसीएल महाप्रबंधक ने बताया कि स्थानीय भू रैयतों को 400 से अधिक लोगों को माइंस में लिफ्टिंग कार्य में नियुक्त किया गया है, जबकि लगभग 100 स्थानीय लोडर भी माइंस में कार्यरत हैं. इसके अतिरिक्त जो ग्रामीण पहले से कार्यरत हैं, उनमें 70% आज भी काम कर रहे हैं. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में स्थानीय लोगों को और अधिक रोजगार देने का प्रयास जारी रहेगा. विस्थापन क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर सीसीएल द्वारा पहल की जा चुकी है, और भविष्य में क्षेत्र में स्पष्ट रूप से विकास दिखाई देगा.

### कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में कौशल विकास अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने जिले में संचालित कौशल विकास योजनाओं, विशेष रूप से मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय मजबूत करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है. इसके लिए जिले में कार्यरत उद्योगों से उनकी कार्यबल आवश्यकताओं और विशेष कौशल की मांग से जुड़ी विस्तृत जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया. साथ ही सभी कौशल प्रशिक्षण केंद्रों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए. बैठक में कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने और योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन हेतु आगामी कार्य योजना (रोडमैप) पर गहन चर्चा की गई.इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार, सीएस डॉ. अनिल श्रीवास्तव, समाज कल्याण पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी सहित यूएनडीपी प्रतिनिधि अभिषेक कश्यप मौजूद थे. सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे योजनाओं के प्रभावी निष्पादन हेतु नियमित समन्वय बैठकें सुनिश्चित करें.

# पैक्स भवन पर कब्जा कर रहे अध्यक्ष पर ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**शुभम संदेश। हुसैनाबाद**



प्रखंड के महूअरी पंचायत अंतर्गत ग्राम झरहा में निर्मित सरकारी पैक्स भवन पर कब्जा कर निजी उपयोग किए जाने का गंभीर आरोप वर्तमान पैक्स अध्यक्ष विमलेश कुमार पासवान पर लगा है. ग्रामीणों का कहना है कि अध्यक्ष ने उक्त सरकारी भवन को कब्जा कर उसमें गोईठा, भूसा, कुटी तथा जलावन रखकर सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग किया है. इस संबंध में ग्रामीण समाजसेवी सतनारायण सिंह एवं लालधन ठाकुर ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक शिक्षित व्यक्ति, जो एक जिम्मेदार पद पर आसीन है, वह इस प्रकार की मनमानी कर रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी भवन का निजी उपयोग न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि यह सामाजिक और नैतिक रूप से भी गलत है. समाजसेवियों और ग्रामीणों ने हुसैनाबाद के वरीय पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर भवन को अविलंब अतिक्रमण मुक्त कराया जाए. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पैक्स अध्यक्ष और मुखिया पति के दबाव में आकर आम लोग शिकायत करने से डरते हैं, उन्हें धमकाया जाता है, जिससे वे चुप्पी साधे रहते हैं. अब देखना यह होगा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करते हैं या नहीं.

# नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक बेरोजगारों के साथ अन्याय: मोर्चा

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने की तीखी आलोचना की है. उन्होंने इसे बेरोजगार युवाओं के साथ घोर अन्याय करार दिया है. उदय राम ने कहा कि झारखंड सरकार बेरोजगारों का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक शोषण कर रही है. राज्य बने 25 वर्ष हो गए, लेकिन अब तक नियुक्ति की स्पष्ट नियमावली नहीं बनी है, जो सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है.

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर नियमावली नहीं बना रही है, ताकि नियुक्ति प्रक्रिया को टाला जा सके. बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उदय राम ने बताया कि चतुर्थवर्गीय पदों के लिए 35 हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं ने आवेदन किए थे, जिनमें से फॉर्म की छंटनी भी पूरी हो चुकी है और मेरिट लिस्ट तैयार की जा रही थी. इसी बीच सरकार द्वारा प्रक्रिया पर रोक लगा देना युवाओं के साथ छलावा है. एक छात्र ने फॉर्म भरने में औसतन 500 रुपये खर्च किए हैं, जो उनके आर्थिक शोषण का प्रमाण है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक नहीं हटाई, तो बेरोजगार सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे. मोर्चा ने यह भी कहा कि यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के भी खिलाफ है.

**लापरवाही**

## कामता पंचायत के चटुआग बांध मरम्मत कार्य में भारी अनियमितता उजागर

# लघु सिंचाई विभाग के जेई ने किया निरीक्षण

**शुभम संदेश। लातेहार**



चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत ग्राम चटुआग में स्थित चटुआग बांध की मरम्मत कार्य में भारी लापरवाही और अनियमितता की शिकायत के बाद लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता (जेई) ने मरम्मत स्थल का निरीक्षण किया. पंचायत समिति सदस्य अयुब खान और मुखिया नरेश भगत ने बांध की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए उपायुक्त से इस कार्य की जांच और अधूरे काम को पूरा कराने की मांग की थी. बांध के निरीक्षण के बाद जेई ने स्वीकार किया कि फाटक और कैनाल के निर्माण कार्य में गड़बड़ी और लापरवाही हुई है, जिसे जल्द ठीक कराया जाएगा. स्थानीय किसानों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि विभाग ने बरसात के एक माह पूर्व ही कार्य को अधूरा छोड़ दिया था, जिससे बांध का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है. पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, बांध की मरम्मत कार्य में सिर्फ खानापूर्ति की गई है. फाटक ठीक से नहीं लगाया गया है, जिससे वह बंद रहने के बावजूद पानी रिस रहा है. बांध की प्लास्टर पहली ही बारिश में उखड़ गई है और बांध की भीड़ का बाहरी हिस्सा टूट चुका है. नहर की सफाई जहां साढ़े छह सौ मीटर होनी थी, वहां महज तीन सौ मीटर ही सफाई की गई है. बांध की पिचिंग बिल्कुल भी नहीं की गई, और किनारों की मरम्मत के नाम पर केवल झाड़-पोंछ कर छोड़ दिया गया है.

अयुब खान और नरेश भगत ने कहा कि यह बांध किसानों के लिए वरदान साबित हो सकता था, जिससे सैकड़ों एकड़ खेतों में धान व गेहूं की सिंचाई संभव होती. लेकिन विभाग की लापरवाही और उदासीनता ने किसानों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है. अब बांध से निरंतर पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे उसका अस्तित्व खतरे में है. उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की मंशा कार्य को अधूरा छोड़ फर्जी तरीके से फाइनल बिल बनाकर राशि की निकासी कर बंदरबांट करने की है. यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो यह बांध पूरी तरह से बेकार हो जाएगा और किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा. जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि चटुआग बांध मरम्मत कार्य, मापी पुस्तिका और निकासी की राशि की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, साथ ही अधूरे कार्य को पूर्ण कराया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके और बांध अपने उद्देश्य की पूर्ति कर सके.

### झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा चंदवा प्रखंड कमेटी का गठन

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अल्पसंख्यक मोर्चा की चंदवा प्रखंड कमिटी का गठन शुक्रवार को लुकुईया मोड़ के समीप जिला अध्यक्ष इनायत करीम की अध्यक्षता में हुई बैठक में किया गया. सर्वसम्मति से मो काजु को प्रखंड अध्यक्ष और ब्रह्मणी निवासी जफीर अंसारी को प्रखंड सचिव नियुक्त किया गया. साथ ही इरफान खान को उपाध्यक्ष और सज्जाद अंसारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया. बैठक में झामुमो नेताओं ने नए पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. जिला अध्यक्ष इनायत करीम ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जल्द ही अपने-अपने पंचायतों में कमिटी का विस्तार कर उसकी सूची जिला समिति को भेजें. मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पॉल एक्का और नौशाद अंसारी ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी.

## एक नजर

### बरवाडीह से देवघर के लिए कांवड़ियों का पहला जत्था रवाना

**बरवाडीह।** श्रावण मास के पावन अवसर पर शुक्रवार को बरवाडीह से देवघर के लिए कांवड़ियों का पहला जत्था रवाना हुआ. इस धार्मिक यात्रा की शुरुआत बरवाडीह स्थित प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन से हुई. श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर अपनी यात्रा की सफलता और सुरक्षित लौटने की प्रार्थना की. इसके बाद सभी श्रद्धालु आदि शक्ति महावीर मंदिर में भी जाकर पूजा-अर्चना की और बाबा भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए देवघर के लिए प्रस्थान किया. कांवड़ियों का यह जत्था आगामी सोमवार को बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करेगा, जो श्रावण मास की परंपरागत धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा है. इस अवसर पर बरवाडीह क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला. रवाना हुए कांवड़ियों में प्रमुख रूप से रविन्द्र प्रसाद, ईश्वरी प्रसाद, रवि गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद (ओपी) और मनीष कुमार शामिल थे. परिजनों ने उन्हें मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित यात्रा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. इस धार्मिक आयोजन ने स्थानीय लोगों के बीच श्रद्धा और आस्था की भावना को और मजबूत किया है. कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ की महिमा का गान करते हुए भक्तिमय वातावरण बनाएंगे और अपने कांवड़ों के साथ जलाभिषेक कर पवित्रता का अनुभव करेंगे.

### अगले माह आयोजित होगा मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**मेदिनीनगर।** नगर निगम प्रशासन एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तावित मेगा हेल्थ चेकअप कैंप अब निर्धारित तिथि 20 जुलाई की बजाय आगामी माह में आयोजित किया जाएगा. क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रविश कुमार एवं परियोजना अध्यक्ष लायन गुरुवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जुलाई को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का पलामू आगमन तय है. वे एक निजी अस्पताल के उद्घाटन एवं निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसके चलते मेगा हेल्थ चेकअप कैंप की तिथि में बदलाव किया गया है. उन्होंने बताया कि शिविर की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी, हालांकि इसका आयोजन पूर्व निर्धारित स्थल - स्थानीय टाउन हॉल परिसर- में ही किया जाएगा. शिविर को और अधिक प्रभावशाली व उपयोगी बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं. इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, उन्नत स्वास्थ्य जांच उपकरण एवं अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी. लायंस क्लब की ओर से बताया गया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना है. संगठन प्रयासरत है कि यह शिविर जनोपयोगी, भव्य एवं सफल हो, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें.

### विद्यालय परिसर में खेल के दौरान फटा छात्र का सिर

**चंदवा।** ख्रीस्त राजा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में खेल के दौरान केजी वर्ग के एक छात्र का सर फट गया, लेकिन इलाज में देरी और व्यवस्था की कमी ने छात्रों और अभिभावकों में चिंता और नाराजगी पैदा कर दी है. घटना के अनुसार, जब छात्र की चोट लगी, तब विद्यालय प्रबंधन द्वारा लगभग आधे घंटे तक कोई प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं कराया गया. इलाज के अभाव में जब कुछ छात्रों के अभिभावक मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी दी, तब विद्यालय के शिक्षक रोहित कच्छप ने परिसर में स्थित डिस्पेंसरी में छात्र का इलाज करवाया. हालांकि, डिस्पेंसरी में केवल एक नर्स तैनात है और डॉक्टर की अनुपस्थिति में प्राथमिक उपचार किया गया, जिससे चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं. अभिभावकों का आरोप है कि बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है क्योंकि गंभीर चोटों के लिए भी विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता नहीं है. इससे स्पष्ट होता है कि विद्यालय परिसर में चिकित्सा व्यवस्था कमजोर और अपर्याप्त है. यह मामला स्कूल प्रशासन के लिए चिंता का विषय है क्योंकि बच्चों की सुरक्षा और त्वरित चिकित्सा सेवा प्राथमिकता होनी चाहिए.

### ऑल इंडिया लियाफी का 77वां अधिवेशन संपन्न

**मेदिनीनगर।** बनारस में ऑल इंडिया लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (लियाफी) का 77वां राष्ट्रीय अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस अधिवेशन में देशभर से आए एलआईसी अभिकर्ताओं ने भाग लिया. पलामू जिले की ओर से अभिकर्ता प्रतिनिधियों का नेतृत्व अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे ने किया. दुबे ने बताया कि अधिवेशन में लियाफी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नयन कमल के नेतृत्व में अभिकर्ताओं और पॉलिसीधारकों के हितों को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए. उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया लियाफी शाखा स्तर से लेकर सरकार तक अभिकर्ताओं के अधिकारों और समस्याओं को उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. दुबे ने कहा कि देश के कोने-कोने में कार्यरत अभिकर्ता आम नागरिकों को बीमा के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं और देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं. अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ ने भी अभिकर्ताओं की मांगों को उचित ठहराया और साथ देने का भरोसा दिया.

### छह छात्रों ने राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में हासिल की सफलता

**पलामू।** कन्या मध्य विद्यालय, लेस्लीगंज के लिए यह गर्व का क्षण है, जब विद्यालय के छह छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की है. सफल छात्रों में मीनाक्षी कुमारी, विवेक कुमार, राजेश कुमार, प्रिया कुमारी, गौतम कुमार और कुंदन कुमार शामिल हैं. विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र नाथ मिश्रा, सहायक शिक्षक अंकज कुमार और शिक्षिका नीलम देसाई ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं. इस अवसर पर पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने विद्यालय पहुंचकर सफल छात्रों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह विद्यालय हमारे क्षेत्र की शान है. यहां के शिक्षक जिस लगन, निष्ठा और समर्पण से बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं, उसी का परिणाम है कि आज हमारे छह होनहार बच्चे राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन परीक्षा में सफल हुए हैं. समाजसेवी छोटे लाल सोनी ने भी इस उपलब्धि पर छात्रों, उनके अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी उपलब्धियाँ न केवल प्रेरणा देती हैं, बल्कि शिक्षा के प्रति विश्वास और उत्साह को भी मजबूती प्रदान करती हैं. विद्यालय में इस सफलता के उपलक्ष्य में उत्सव का माहौल है.

### झारखंड विकास समिति ने बीडीओ-सीओ को दिया आवेदन

**चंदवा।** प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में टूटे हुए पुल-पुलिया, खराब सड़कों और जल जमाव की समस्या से जनजीवन प्रभावित है. इस समस्या को लेकर शुक्रवार को झारखंड विकास समिति ने चंदवा के बीडीओ व सीओ को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया है कि चंदवा के कई मुख्य रास्तों की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे रोजाना हजारों लोग आवागमन में दिक्कतों का सामना कर रहे हैं. विशेष रूप से सरोजनगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास पुलिया टूट जाने के कारण वह मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे हजारों ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं. इसके अलावा, गायत्री मंदिर रोड पर जल जमाव की वजह से रास्ता बंद हो गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है. वहीं, देवी मंडप रोड की हालत भी बेहद खराब है, जहां बड़े-बड़े गड्ढे उभर आने से वाहन चलाना मुश्किल हो गया है. झारखंड विकास समिति ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इन समस्याओं का त्वरित समाधान निकाला जाए ताकि ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा मिल सके और उनके दैनिक जीवन में सुधार हो. ज्ञापन सौंपने के मौके पर समिति के सदस्य रवि डे, सतेंद्र प्रसाद यादव, नीलम देवी, विजय कुमार, अंकित तिवारी, इंद्रजीत शाह बंटी, रामवृक्ष प्रजापति, शंकर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे.

### बाल सुधार गृह में मेडिकल कैंप में बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को वात्सल्य धाम बाल सुधार गृह में एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया. यह कैंप झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के दिशा-निर्देश पर एवं पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के निर्देशानुसार आयोजित किया गया. कैंप में बाल सुधार गृह में निवास कर रहे सभी बच्चों की खून, आंख, बुखार सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई. जांच के पश्चात बच्चों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया. मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए. उन्होंने बताया कि इस मौसम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और हमेशा उबला या फिल्टर किया हुआ पानी ही पिएं. गंदे पानी का सेवन करने से पेट संबंधी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है. चिकित्सकों ने निवास स्थान के आस-पास सफाई रखने, मच्छरों से बचाव के लिए नियमित रूप से घरों के अंदर और बाहर कीटनाशक छिड़काव करने की सलाह दी. इस अवसर पर अधिकार मित्र विनय प्रसाद समेत मेडिकल टीम के सदस्य भी उपस्थित थे. कैंप के आयोजन से बच्चों और सुधार गृह के कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है.

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 60 हजार रुपया जुर्माना वसूला

**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) राकेश कुमार गोप ने किया. अभियान के दौरान मोटरसाइकिल चालकों की जांच की गई और यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 60 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया. जांच के दौरान पाया गया कि कई बाइक चालक हेलमेट नहीं पहन रहे थे, वाहन के कागजात अधूरे थे और अन्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे थे. डीटीओ राकेश कुमार गोप ने मौके पर मौजूद चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और उन्हें सड़क पर सुरक्षित रूप से वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया.

### लायंस क्लब ने फूड फोर हंगर का किया आयोजन, बच्चों को कराया भोजन

# बच्चों ने लजीज भोजन का लुत्फ उठाया




**शुभम संदेश। गुमला**

लायंस क्लब गुमला परिवार ने फूड फोर हंगर का आयोजन कर अभिवंचित वर्ग के विशेष बच्चों को गुमला के होटल चूल्हानी में लजीज व्यंजन के साथ भोजन कराया. उनके साथ लायंस क्लब के सदस्यों ने भी भोजन किए और उनके साथ संवाद कर मुस्कान साझा किया. गरीब दलित बच्चों के लिए फूड फोर हंगर कार्यक्रम का आयोजन मानवता की सेवा को समर्पित लायंस क्लब का अनूठा पहल है. सामाजिक सद्भाव का संदेश देता यह कार्यक्रम अन्य समाज के लिए प्रेरणादायक साबित होगा. होटल चूल्हानी के चार मंजिला रेस्टोरेंट में लिफ्ट की सवारी कर जहां बच्चे उत्साहित और हर्षित थे वहीं लजीज भोजन के साथ लायंस परिवार के सदस्यों ने बच्चों के साथ प्यार, करुणा, अपनत्व और सामाजिक समानता का परिचय दिया. बच्चों के चेहरों पर चमकती हंसी, उनके द्वारा गाए गए गीत और किए गए नृत्य एक उत्सव के सम्मान संपन्न हुआ.

फूड फोर हंगर कार्यक्रम के पीछे लायंस परिवार के सदस्यों का मानना है कि भूख केवल पेट की नहीं बल्कि लोगों को मान सम्मान का भी भूख होता है. शिशिर गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ भूख मिटाना नहीं है, बल्कि नन्हें बच्चों को यह एहसास दिलाना है कि समाज में वे अकेले नहीं हैं. वे भी समाज के उतने ही जरूरी अंग हैं जितने हम है. उन्हें स्नेह, अपनापन और सम्मान देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है. नेहा नरसरिया, निखिल नरसरिया ने कहा कि बच्चों की खिलखिलाहट और उनके साथ बिताया गया हर पल हमारे जीवन की अमूल्य पूंजी बन गया है.



## हिंडाल्को को शोकॉज नोटिस खनन पट्टा रद्द होने की चेतावनी

**शुभम संदेश। गुमला**

जिले में चल रहे बॉक्साइट खनन कार्यों में भारी अनियमितता सामने आने के बाद उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने हिंडाल्को कंपनी को अंतिम कारण पृच्छा (शोकॉज) नोटिस जारी किया है. जिला खनन पदाधिकारी एवं खान निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में खनन कार्यों में कई गंभीर खामियां उजागर हुई हैं. यह कार्रवाई उपायुक्त द्वारा 17 जुलाई 2025 को किए गए औचक निरीक्षण के बाद शुरू की गई. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खनन पट्टा क्षेत्र में कार्य अनुमोदित मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा था. खान प्रबंधक और कर्मियों की उपस्थिति में किए गए निरीक्षण में सुरक्षा मानकों की अनदेखी, श्रमिकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की कमी और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई. ग्रामीणों और ट्रक चालकों की शिकायतों के अनुसार, खनन क्षेत्र में न तो पीने का पानी उपलब्ध है, न बिजली, न ही शौचालय या विश्राम स्थल जैसी मूलभूत सुविधाएं हैं. इसके अलावा, खनिज लदे ट्रकों में तिरपाल नहीं लगाने से प्रदूषण की समस्या भी उत्पन्न हो रही है. जांच में यह भी सामने आया कि खनन के बाद भूमि की पुनर्स्थापना नहीं की जा रही है, जिससे स्थानीय रैयतों को नुकसान हो रहा है. यह स्थिति पूर्व में 6 दिसंबर 2024 और 2 जनवरी 2025 को जारी दो नोटिसों के बाद भी नहीं सुधरी. दोनों ही मामलों में कंपनी ने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा. उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि यदि इस बार भी निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो हिंडाल्को के खनन पट्टे के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें पट्टा रद्द करने की प्रक्रिया भी शामिल हो सकती है. यह मामला अब जिला प्रशासन की सख्त निगरानी में है और आने वाले दिनों में निर्णायक कार्रवाई की संभावना बनी हुई है.

### जिला स्तरीय राजस्व समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने कहा

# राजस्व मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं



**शुभम संदेश। गुमला**

जिला स्तरीय राजस्व समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिले में राजस्व से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई. बैठक में ऑनलाईन म्यूटेशन, लगान वसूली, भूमि सीमांकन, परिशोधन पोर्टल, रेभेन्यू कोर्ट, दाखिल-खारिज, पीएम किसान योजना, आपदा राहत व्यय, प्रमाण-पत्र निर्गत प्रक्रिया एवं जन शिकायतों के निष्पादन की गहन समीक्षा की गई. उपायुक्त ने अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा. ऑनलाईन म्यूटेशन की स्थिति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिले के विभिन्न अंचलों से अब तक कुल 33,993 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 33,023 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है. केवल 38 मामले विभिन्न तकनीकी अथवा दस्तावेजी कारणों से लंबित हैं.

वर्ष 2025-26 में अब तक 5,20,203.86 रुपये की राशि बतौर लगान वसूली की गई है, जो विभाग की सक्रियता को दर्शाता है. रेभेन्यू कोर्ट से जुड़े मामलों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 16 जुलाई 2025 तक कुल 4766 मामलों में से 3831 मामलों का निष्पादन किया गया है. पिछले माह की तुलना में मामलों के निष्पादन में सुधार देखा गया है. दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के अंतर्गत उत्तराधिकारी म्यूटेशन के कुल 383 मामलों में से 194 का निष्पादन, 161 को अस्वीकृत किया गया है, जबकि 28 अभी लंबित हैं. वहीं आपसी सहमति आधारित दाखिल-खारिज के 140 मामलों में से 73 का निष्पादन, 66 अस्वीकृत तथा एक मामला अभी शेष है. उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शेष लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करते हुए जन संतोष और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए.

## रातू प्रखंड कार्यालय का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**रातू।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. उनके अचानक पहुंचने से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई. निरीक्षण की पूर्व सूचना न होने के कारण कर्मी हैरान रह गए. उपायुक्त ने सर्वप्रथम विभिन्न सरकारी विभागों का जायजा लिया और अधिकारियों से वस्तु स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने प्रखंड सभागार में बैठक की. इस दौरान उन्होंने विकास योजनाओं और लोक-कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की. इसमें 'मईयां सम्मान योजना', 'अबुआ आवास योजना', 'प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण', 'सर्वजन पेंशन योजना', 'खाद्य आपूर्ति योजना', 'बाल विकास परियोजना', 'स्वास्थ्य विभाग', 'मनरेगा' सहित राजस्व उपनिरीक्षक कार्यालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा हुई. उपायुक्त ने अंचल अधिकारी से लंबित म्यूटेशन मामलों की स्थिति पूछी और जल्द निष्पादन के निर्देश दिए. उन्होंने साप्ताहिक रूप से मंगलवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार को नियमित जारी रखने का निर्देश दिया. साथ ही कहा कि आम जनों की समस्याओं, विशेषकर भूमि विवादों को प्राथमिकता दी जाए. इस समीक्षा बैठक में अंचल अधिकारी रवि कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया व कर्मचारी उपस्थित थे.

# उपभोक्ताओं पर बिजली सरचार्ज अतिरिक्त वित्तीय भार है: चैंबर



**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रस्तावित झारखंड इलेक्ट्रिसिटी कंजम्प्शन सरचार्ज रूल्स 2025 के तहत नगरीय उपभोक्ताओं पर 5% बिजली सरचार्ज लगाने की योजना का व्यापक विरोध शुरू हो गया है. इसे लेकर गुरुवार को चैम्बर भवन में झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रस्ताव से उत्पन्न संभावित समस्याओं पर गहन चर्चा की गई. बैठक में सदस्यों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह प्रस्ताव व्यापार, उद्योग, निवेश और आम जनता—सभी पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेगा. सदस्यों का मानना है कि यह निर्णय झारखंड की आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करेगा और उपभोक्ताओं की क्रयशक्ति को कमजोर करेगा. ऐसे में विभाग को जनहित में यह प्रस्ताव तत्काल वापस लेना चाहिए. बैठक के उपरांत चैम्बर ने अपने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे इस प्रस्ताव के विरोध में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं. बैठक में आगामी 20 जुलाई को साहेबगंज में होनेवाली झारखंड चैम्बर की कार्यकारिणी समिति की बैठक पर भी चर्चा की गई. यह बैठक ईस्टर्न झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आतिथ्य में आयोजित की जा रही है. बैठक में चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा. साथ ही, नामकोम स्थित नवनिर्मित ईएसआईसी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई. सदस्यों ने कहा कि अस्पताल में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी जैसी मूलभूत जाँच सुविधाओं का अभाव है, जिससे पंजीकृत श्रमिकों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है. चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने इस मुद्दे पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री को पत्र लिखकर शीघ्र आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की माँग की है. बैठक में गढ़वा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया और स्थानीय व्यापारिक समस्याओं से अवगत कराते हुए झारखंड चैम्बर से हस्तक्षेप की अपील की. बैठक में अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे.

## विधानसभा घेराव को लेकर आमया की राउंड टेबल बैठक आयोजित

**रातू (हुरहूरी)।** झारखंड में स्थानीय नीति, आरक्षण, रोजगार और अल्पसंख्यक अधिकारों से जुड़े 19 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 4 अगस्त को प्रस्तावित विधानसभा घेराव की तैयारी के तहत शुक्रवार को आमया द्वारा रातू प्रखंड के हुरहूरी स्थित हैवेन पब्लिक स्कूल प्रांगण में राउंड टेबल परिचर्चा आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया रातू के सचिव अनिसुर रहमान एवं संचालन आमया प्रखंड अध्यक्ष सिद्दीक अंसारी ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आमया के केन्द्रीय अध्यक्ष एस. अली ने कहा कि राज्य में स्थानीय नीति लागू नहीं होने के कारण झारखंडी युवाओं को नौकरियों से वंचित होना पड़ रहा है. 13 अनुसूचित जिलों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नहीं मिलने से उनकी सरकारी भागीदारी प्रभावित हुई है. उन्होंने कहा कि मुसलमानों के शिक्षा, रोजगार और विकास से जुड़े मुद्दों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है. अब तक 68 से अधिक मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन मॉब लिंचिंग विधेयक 2021 में संशोधन कर उसे लागू नहीं किया गया.

## भरनो एनएच पर चौथी बार गुमटी में चोरी, व्यवसायी हैं चिंतित



**शुभम संदेश। गुमला**

भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-गुमला नेशनल हाइवे पर स्थित पुराना अस्पताल के पास रमेश गुप्ता की पान गुमटी में गुरुवार रात चोरी हो गई. यह चोरी की चौथी घटना है जो रमेश गुप्ता की गुमटी में हुई है. चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर लगभग 25 से 30 हजार रुपये मूल्य के सामान चोरी कर लिए. चोरी की जानकारी शुक्रवार की सुबह रमेश गुप्ता को हुई, जिसके बाद उन्होंने भरनो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से रमेश गुप्ता बेहद परेशान हैं. वहीं, भरनो के अन्य व्यवसायी भी इस बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर भयभीत हैं. वे पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं और कह रहे हैं कि चोर बेखौफ होकर चोरी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें पुलिस से कोई डर नहीं है. व्यवसायियों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने के कारण चोरों का मनोबल बढ़ रहा है और वे बार-बार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. भरनो पुलिस के एसएसआई अमोद सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है. उन्होंने आश्वासन दिया है कि चोरी की घटना में शामिल चोरों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी. व्यवसायियों की चिंताओं को देखते हुए पुलिस ने गश्त बढ़ाने का भी निर्णय लिया है ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हों और लोगों का व्यवसाय सुरक्षित रहे.

**मुआयना** — भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की टीम ने किया लोहरदगा क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण

# टीम ने मैदान की सुविधाओं की सराहना की



**शुभम संदेश। लोहरदगा**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एक टीम ने गुरुवार को लोहरदगा के बलदेव साहु महाविद्यालय स्थित क्रिकेट मैदान का औचक निरीक्षण किया. टीम ने मैदान के विभिन्न हिस्सों का गहन निरीक्षण किया, जिसमें ड्रेसिंग रूम, दोनों पवेलियन, सेंटर विकेट, प्रैक्टिस विकेट और साइट स्क्रीन शामिल थे. निरीक्षण के दौरान टीम ने मैदान की सुविधाओं की सराहना की और इसे उच्च मानकों के अनुरूप बताया. बीसीसीआई टीम ने स्थानीय जिला क्रिकेट एसोसिएशन को चार नए सेंटर विकेट और चार अतिरिक्त प्रैक्टिस विकेट विकसित करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने अन्य आधारभूत संरचनाओं को जल्द से जल्द सुधारने और तैयार करने को कहा. टीम ने आश्वस्त किया कि अगर सुधार कार्य समय पर पूरे हो जाते हैं, तो इस साल लोहरदगा को बीसीसीआई का बोर्ड मैच आयोजित करने का अवसर मिल सकता है. निरीक्षण के बाद बीसीसीआई प्रतिनिधियों ने शहर के विभिन्न होटलों का भी दौरा किया.

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, खानपान, जिम जैसी सुविधाओं का भी जायजा लिया. टीम ने इन व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया. बीसीसीआई की ओर से आए प्रतिनिधियों में अमित कुमार, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के पूर्व रणजी खिलाड़ी और पूर्व सचिव राजेश वर्मा उर्फ बॉबी दा तथा राजीव रंजन शामिल थे. उनके साथ लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, सतीश वर्मा, प्रवीण प्रसाद, मुकेश दुबे, आशीष कुमार, अमित कुमार और जय जीत चौबे भी मौजूद थे. इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से बीसीसीआई टीम का स्वागत गुलदस्ते और टी-शर्ट भेंट कर किया गया. मैदान के इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ और संभावित बीसीसीआई मैच की संभावना से जिले के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल है.

## बाघवार एकेडमी चान्हो में सफल करियर काउंसलिंग

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी, चान्हो में शुक्रवार को कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में रत्ना सागर प्रकाशन से आए वरिष्ठ रिसोर्स पर्सन विनीत भट्ट ने विद्यार्थियों को करियर चयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी और प्रेरणा प्रदान की. विनीत भट्ट एक अनुभवी शैक्षणिक विशेषज्ञ हैं, जिन्हें शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में 13 वर्षों का अनुभव है. उन्होंने सीबीएसई और एनसीईआरटी के दिशा-निर्देशों के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों के क्षमता निर्माण पर देशभर में कार्यशालाएं आयोजित की हैं. उन्होंने छात्रों को करियर चयन में रुचियों, क्षमताओं और उपलब्ध अवसरों पर ध्यान देने की सलाह दी. उनके प्रेरणादायक विचारों ने विद्यार्थियों को न केवल करियर को लेकर स्पष्टता दी, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाया.

## एक नजर

### डुमरडीह में खुलेगा बाबा अस्पताल, भूमि पूजन संपन्न



**गुमला।** गुमला के डुमरडीह में शुक्रवार को बाबा अस्पताल का आधारशिला रखा गया. रांची बाबा अस्पताल के निदेशक डा. आनंद रंजन ने भूमि पूजन की और अस्पताल भवन निर्माण की नींव रखी. ज्ञात हो कि डा. आनंद रंजन रांची बाबा अस्पताल की संचालिका स्त्री रोग विशेषज्ञ डा करुणा शाहदेव के पुत्र हैं और पालकोट राज परिवार से इनका जुड़ाव रहा है. इनका पूरा परिवार सत्संगी और डाक्टर हैं. मानवता की सेवा को लक्ष्य मानकर चिकित्सा सुविधा दे रहे हैं. डुमरडीह के पतरा बगीचा में भूमि पूजन के बाद डा आनंद रंजन ने कहा कि बाबा अस्पताल का लक्ष्य मानवता की सेवा है. ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा सेवा उनकी मां की हार्दिक इच्छा थी. जल्द ही गांव में बाबा अस्पताल आकार लेगा और ग्रामीणों को चिकित्सीय सुविधा मिलेगी. उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार को डुमरडीह के पतरा बगीचा में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की जाएगी.

### बिंधानी गांव में नुक्कड़ नाटक का गुआ आयोजन



**इटकी।** प्रखंड के बिंधानी गांव में शुक्रवार को पिरामल फाउंडेशन और गुम्स बिंधानी के सहयोग से एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को पीटीएम (पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग) में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना तथा पीबीएल (प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग) की अवधारणाओं को सरल और प्रभावी ढंग से समझाना था. कार्यक्रम का शीर्षक "एक मुलाकात, हजार समाधान पीटीएम" रखा गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समूह के लीडर कल्याण उरांव उपस्थित रहे. उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए पीटीएम की महत्ता पर बल दिया और कहा कि जब अभिभावक बच्चों की शिक्षा में सक्रिय होते हैं, तब उनका सर्वांगीण विकास संभव होता है. उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं गांव के अन्य अभिभावकों को पीटीएम में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे. नुक्कड़ नाटक का मंचन करुणा फेलो, गांधी फेलो और विद्यालय के बच्चों द्वारा किया गया. इस नाटक में संवादों के माध्यम से ग्रामीण जीवन की सच्चाइयों को उजागर करते हुए यह संदेश दिया गया कि एक छोटी-सी बातचीत भी शिक्षा में बड़ा बदलाव ला सकती है. कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित और सहयोग करने वालों में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बुदा बारा, वार्ड सदस्य पूजा मिंज, वार्ड पार्षद रोहित कुमार साहू, संयोजिका गंगी मुंडाइन, प्रधानाध्यापक विवेक रश्मि, शिक्षिका शीला तिग्गा तथा पिरामल फाउंडेशन की टीम से अनिमा सिन्हा, शेरोन टिग्गा, श्रेया सिंह, शर्मिष्ठा, अभिलाषा रॉय, निधि कुमारी, जाहिद अली, सुनील और साक्षी तिवारी शामिल रहे.

### जीटीपीएस में छात्र संघ चुनाव हुआ संपन्न



**लोहरदगा।** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल (जीटीपीएस) लोहरदगा में सत्र 2025-26 के लिए छात्र संघ का चुनाव पूरी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ. विद्यालय के प्राचार्य एस.के. झा ने जानकारी दी कि यह चुनाव भारत के चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप कराया गया, जिससे विद्यार्थियों को लोकतंत्र की व्यवहारिक जानकारी मिल सके. चुनाव के लिए 10 जून को अधिसूचना जारी की गई थी. नामांकन की अंतिम तिथि 20 जून तथा नाम वापसी की अवधि 1 से 5 जुलाई निर्धारित की गई. कुल 22 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया, जिनमें से सभी का नामांकन जांचोपरांत वैध पाया गया. 18 जुलाई को मतदान हुआ, जिसमें कुल 995 में से 617 छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल, कल्चरल सेक्रेटरी और स्पोर्ट्स सेक्रेटरी के पदों के लिए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. उम्मीदवारों ने प्रचार करते हुए अपने विचार और योजनाएं छात्रों के सामने रखीं तथा समर्थन की अपील की. चुनाव अधिकारी शिक्षक एस. सुजाउद्दीन राजा ने चुनाव आयोग के सभी मापदंडों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया.

### खेल प्रतिभाओं को मिलेगा सहयोग: ऐनुल अंसारी



**लोहरदगा।** कुड़ प्रखंड के उप प्रमुख सह कैरो प्रखंड के कांग्रेस पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी नें क्षेत्र के खिलाड़ियों को फुटबॉल और जर्सी वितरित कर उनके हौसले को नई उड़ान दी. उन्होंने कड़ाक सहित आसपास के गांवों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें खेल सामग्री दी और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर ऐनुल अंसारी ने कहा कि वे खेल के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को उचित मंच देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा कि आर्थिक कारणों से किसी भी खिलाड़ी की प्रतिभा रुकनी नहीं चाहिए, इसके लिए वे व्यक्तिगत रूप से प्रयासरत हैं. उप प्रमुख ने कहा कि राज्य सरकार भी खेल को बढ़ावा देने के लिए कई प्रभावी कदम उठा रही है और खिलाड़ियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है. उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन और नियमित अभ्यास पर जोर देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता सुनिश्चित होती है. उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी, ईशान किशन, दीपिका कुमारी, सलीमा टेटे, निक्की प्रधान जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि लगन और कठिन परिश्रम से वे भी राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं.

### लेडिज नाईट में शराब परोसने पर लगे रोक

**रांची।** राजधानी रांची में 'लेडीज नाईट' के नाम पर युवतियों को निशुल्क शराब परोसे जाने और नशे की आदत बढ़ाने के खिलाफ युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है. रोहित सिन्हा ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि शहर के कई बार संचालक 'लेडीज नाईट' के नाम पर युवतियों को शराब परोस रहे हैं, जिससे वे नशे की गिरफ्त में आ रही हैं. जबकि राज्य सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चला रही है, लेकिन यह कार्यक्रम उसके बिल्कुल विपरीत चल रहा है. ज्ञापन के अनुसार, राजधानी के कई बारों में हर सप्ताह अलग-अलग दिनों पर आयोजित होने वाली 'लेडीज नाईट' में रात 8 बजे से देर रात तक युवतियों को मुफ्त शराब दी जाती है. वहीं पुरुषों से मनमाने पैसे वसूले जाते हैं. इसके अलावा, कुछ बारों में अवैध रूप से हुक्का और अन्य मादक पदार्थ भी परोसे जा रहे हैं. इससे नाबालिग छात्राओं और युवतियों में शराब और नशे की लत तेजी से बढ़ रही है, जो समाज और स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है. ज्ञापन में बताया गया है कि व्यवसायिक लाभ के लिए बार संचालक युवाओं को नशे की ओर धकेल रहे हैं. इसलिए इस पर सख्त रोक लगाना जरूरी है.





## कामिका एकादशी के दिन करें ये उपाय, हर कामना होगी पूरी

**पंचांग के अनुसार, साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी जो इस बार 21 जुलाई की पड़ रही है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है।**

हिन्दू धर्म में एकादशी तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार, साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी जो इस बार 21 जुलाई की पड़ रही है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में भी बताया गया है कि इस एकादशी के अवसर पर कुछ ज्योतिष उपाय जरूर करने चाहिए जिससे आप अनेकों लाभ पा सकते हैं। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कामिका एकादशी के उपायों के बारे में विस्तार से।

### धन लाभ के उपाय

कामिका एकादशी के दिन 5 कौड़ियां लें और उन कौड़ियों को लाल कपड़े में बांधकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के सामने अर्पित करें। फिर इसके बाद कौड़ियों को घर की तिजोरी में रख दें। इससे धन लाभ के योग बनेंगे और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कामना पूर्ति के उपाय

भगवान विष्णु के बीज मंत्र ॐ नमो: नारायणाय नम: का 108 बार संकल्प के साथ कामिका एकादशी के दिन जाप करें। संकल्प के साथ इस मंत्र का जाप करने से भगवान विष्णु की कृपा होगी और आपकी इच्छाएं पूरी हो जाएंगी। आपके काम बनने लग जाएंगे।

### वैवाहिक जीवन के उपाय

गुलाब या कमल के 2 फूल लेकर उन्हें कलावे से बांधें और उसमें 7 गांठ लगाएं। फिर उस गुलाब या कमल के जोड़े को भगवान विष्णु के चरणों में रखें। इससे आपके वैवाहिक जीवन का क्लेश दूर होगा। पति-पत्नी के बीच रिश्ता मधुर बनेगा और संतान प्राप्ति के योग बनेंगे।

### ग्रह दोष मुक्ति के उपाय

कामिका एकादशी के दिन पीले रेशमी कपड़े में 9 सुपारी रखें और उन सुपारियों पर अक्षत एवं रोली लगाएं। इसके बाद गांठ बांधकर घर की पूर्व दिशा में टांग दें। इससे ग्रह दोष दूर होगा। ग्रह शांत होकर कृपा बरसाएंगे और ग्रहों द्वारा आपको शुभ परिणाम नजर आएंगे।



# सावन की पहली एकादशी कामिका एकादशी कब है, पूजा का शुभ मुहूर्त और महत्व

**हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसा करने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। साथ ही व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियां दूर हो जाती है।**

सावन माह के कृष्ण पक्ष की ग्यारहवीं तिथि पर कामिका एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की उपासना का विधान है। इसके प्रभाव से साधक को मोक्ष की प्राप्ति और आर्थिक समृद्धि मिलती है। सावन महादेव का प्रिय महीना है, जिसमें भव्य आयोजन के साथ शिव पूजन किया जाता है। मान्यता है कि सावन में प्रभु की उपासना करने से साधक के सभी दुख-दर्द दूर होते हैं। यही नहीं इस अवधि में आने वाले तीज-त्योहारों पर भी भोलेनाथ की विशेष कृपा बनी रहती है। चूंकि इस दौरान चातुर्मास होता है, इसलिए सृष्टि का संचालन भी शिव जी करते हैं। ऐसे में एकादशी पर उनकी भी उपासना करना बेहद शुभ होता है। बता दें, सावन माह के कृष्ण पक्ष की ग्यारहवीं तिथि पर कामिका एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की उपासना का विधान है। इसके प्रभाव से साधक को मोक्ष की प्राप्ति और आर्थिक समृद्धि मिलती है।

पंचांग के अनुसार सावन महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 20 जुलाई को दोपहर 12 बजकर 12 मिनट से शुरू होगी। इसका समापन 21 जुलाई दिन सोमवार को सुबह 9 बजकर 38 मिनट पर होगा। उदया तिथि के आधार पर 21 जुलाई 2025 को कामिका एकादशी का व्रत किया जाएगा। यह सावन महीने की प्रथम एकादशी भी होगी।

### कामिका एकादशी पूजा विधि

- एकादशी के दिन सुबह ही स्नान कर लें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
- पूजा के लिए सर्वप्रथम एक साफ चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर उसपर भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करें।
- अब प्रभु को प्रणाम करते हुए पीले फूल, धूप, दीप, चंदन और नैवेद्य आदि से पूजा करें।
- इस दौरान तुलसी पत्र का विशेष महत्व है, इसलिए पूजा में इसे शामिल करें।
- प्रभु के मंत्रों का उच्चारण करें।
- विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।
- भगवान विष्णु की आरती करें और उन्हें केसर या मखाने की खीर का भोग लगाएं।
- अब शाम के समय एक बार फिर भगवान विष्णु की आरती करें और फलाहार ग्रहण करें।
- रात में भजन-कीर्तन करते हुए अगले दिन द्वादशी तिथि पर व्रत का पारण कर लें।

## कामिका एकादशी पर सावन सोमवार का दुर्लभ संयोग इस एक उपाय से पाएं महादेव की विशेष कृपा

इस वर्ष 21 जुलाई 2025 को कामिका एकादशी है। यह सावन महीने की प्रथम एकादशी भी होगी। संयोग की बात यह है कि कामिका एकादशी पर सावन सोमवार का व्रत भी किया जाएगा। ऐसे में भक्तों को भगवान विष्णु और महाकाल को साथ में प्रसन्न करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। हर साल सावन माह के कृष्ण पक्ष की ग्यारहवीं तिथि पर कामिका एकादशी मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा करने से साधक की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा एकादशी का उपवास रखने से व्यक्ति का भाग्योदय भी होता है, जिसके प्रभाव से धन लाभ, सुख-समृद्धि और यश कीर्ति की प्राप्ति होती है। इस वर्ष 21 जुलाई 2025 को कामिका एकादशी है। यह सावन महीने की प्रथम एकादशी भी होगी। संयोग की बात यह है कि कामिका एकादशी पर सावन सोमवार का व्रत भी किया जाएगा। ऐसे में भक्तों को भगवान विष्णु और महाकाल को साथ में प्रसन्न करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यदि इस दिन केवल महादेव को जल और विष्णु जी को पीला फल अर्पित किया जाए, तो सभी दुख-दर्द का निवारण होता है। हालांकि इस खास संयोग पर शिव और विष्णु चालीसा का पाठ करने से करियर, व्यापार और निवेश में अच्छा लाभ हो सकता है। ऐसे में आइए इस चालीसा को जानते हैं।

## कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को लगाएं ये भोग



हिन्दू धर्म में एकादशी तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार, साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती हैं। इन्हीं में से एक है श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी जो इस बार 31 जुलाई, दिन बुधवार को पड़ रही है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है।

मान्यता है कि सावन में आने के कारण इस एकादशी का महत्व और भी बढ़ जाता है। भगवान शिव ही इस एकादशी का फल प्रदान करते हैं। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि सावन की कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की जो भी पूजा हम करते हैं वो भगवान शिव के भाग में जाती है, उसे भगवान शिव स्वीकार करते हैं। ठीक ऐसे ही भगवान विष्णु को लगाया भोग भी शिव जी द्वारा ही ग्रहण किया जाता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को कौन सी चीजों का भोग लगाना चाहिए और क्या है उससे मिलने वाले अद्भुत लाभ। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को लड्डुओं का भोग लगाना चाहिए। बेसन या बूंदी से बने लड्डू भगवान विष्णु को प्रिय हैं। इसके अलावा, भगवान विष्णु को खीर का भोग लगाना भी शुभ माना जाता है। हालांकि एकादशी के दिन चावल का प्रयोग वर्जित माना गया है। ऐसे में मखाने की खीर का भोग लगा सकते हैं या फिर आप चाहें तो मखानों को भून कर भी भोग में भगवान विष्णु को अर्पित कर सकते हैं। भगवान विष्णु को कामिका एकादशी के दिन मालपुए या घेवर का भोग भी लगाया जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि जब भी कोई नया मौसम शुरू होता है तो उस मौसम के फल या मिठाई का भोग अवश्य लगाना चाहिए। अभी घेवर का समय चल रहा है। ऐसे में आप कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को घेवर का भोग लगा सकते हैं। साथ ही, मालपुए का भोग भी भगवान विष्णु को चढ़ा सकते हैं। मालपुआ श्री हरि को प्रिय है।



# सावन में शिवलिंग ही नहीं नंदी पर भी चढ़ाएं ये चीजें... तभी शिव जी स्वीकार करेंगे पूजा

सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा के साथ-साथ उनके प्रिय भक्त और वाहन नंदी जी की पूजा का भी विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि नंदी जी ही भक्तों की प्रार्थनाओं और मनोकामनाओं को सीधे भगवान शिव तक पहुंचाते हैं। इसलिए, सावन में नंदी जी की पूजा करने से भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। कई लोग नंदी जी के कान में अपनी इच्छाएं बोलते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि इससे उनकी बात शिव जी तक अवश्य पहुंचती है। नंदी जी को धर्म और निष्ठा का प्रतीक भी माना जाता है और उनकी पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि सावन के दौरान शिवलिंग पर अलग-अलग वस्तुएं अर्पित करने के साथ ही कुछ चीजें नंदी की प्रतिमा पर भी अर्पित करनी चाहिए। इससे भगवान शिव आपकी पूजा स्वीकार करते हैं।

### सावन के दौरान नंदी को अर्पित करें दूर्वा घास

सावन के दौरान नंदी पर एक या कुछ दूर्वा घास नंदी जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। दूर्वा घास अर्पित करने से लंबी और स्वस्थ आयु का आशीर्वाद मिलता है। यह शारीरिक कष्टों से मुक्ति दिलाता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। दूर्वा घास भगवान गणेश को भी प्रिय है और इसे नंदी जी को चढ़ाने से गणेश जी की कृपा भी प्राप्त होती है जिससे रुके हुए कार्य पूरे होते हैं।

### सावन के दौरान नंदी को अर्पित करें गुड़ रोटी

सावन में नंदी जी को हरी मूंग मिलाकर या गुड़ मिलाकर रोटी खिलाना शुभ माना जाता है। यह आप किसी मंदिर में नंदी की प्रतिमा को या किसी बैल को भी खिला सकते हैं। हरी मूंग या गुड़ के साथ रोटी खिलाने से धन संबंधी समस्याओं का समाधान होता है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। इससे परिवार में सुख-शांति आती है और घर में खुशहाली का माहौल बनता है। यह उपाय गृह क्लेश से मुक्ति दिलाने में भी सहायक माना जाता है।

### सावन के दौरान नंदी को अर्पित करें बेलपत्र



नंदी जी को बेलपत्र अर्पित करते समय ध्यान रखें कि बेलपत्र कहीं से भी कटा-फटा न हो और उसकी तीनों पत्तियां साबुत हों। आप बेलपत्र पर सफेद चंदन लगाकर भी नंदी जी को चढ़ा सकते हैं। कुछ मान्यताओं के अनुसार, पहला बेलपत्र नंदी जी के सिर पर रखा जाता है। बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और नंदी जी को बेलपत्र अर्पित करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं। इससे सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है, मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सकारात्मकता आती है। यह पापों को दूर करने और पुण्य कमाने में भी सहायक माना जाता है।

### सावन के दौरान नंदी को अर्पित करें दूध या जल

भगवान शिव के अभिषेक के बाद बचा हुआ जल या दूध नंदी जी के उस पैर पर अर्पित करें जो शिवलिंग की ओर बढ़ा होता है। आप नंदी जी को अलग से भी जल या दूध चढ़ा सकते हैं। नंदी जी को जल या दूध अर्पित करने से शारीरिक कष्ट दूर होते हैं और रोगों से मुक्ति मिलती है। यह उपाय खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद माना जाता है जो किसी बीमारी से जूझ रहे हों। इससे मानसिक शांति भी मिलती है और मन शुद्ध होता है।



# सावन में किस समय रुद्राभिषेक करना माना जाता है सबसे शुभ

यदि आप सावन या किसी अन्य महीने में रुद्राभिषेक का आयोजन कर रही हैं, तो इसके सभी नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक माना जाता है। रुद्राभिषेक एक शक्तिशाली अनुष्ठान है, जो भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का एक प्रभावी तरीका है। नियमों का पालन करने से आप इस अनुष्ठान का पूर्ण फल प्राप्त कर सकती हैं। आइए जानें रुद्राभिषेक के सबसे उत्तम समय के बारे में।

सावन का पूरा महीना भगवान शिव की पूजा के लिए समर्पित होता है। इस अवधि में भक्तजन शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं, शिव जी की पूजा अर्चना करते हैं और घर या मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन करते हैं। रुद्राभिषेक को अत्यंत पुण्य का अनुष्ठान माना जाता है और यदि इसका घर में आयोजन होता है तो पूरा वातावरण पवित्र हो जाता है। यही नहीं रुद्राभिषेक से घर पर सकारात्मक ऊर्जा आती है और सदैव खुशहाली बनी रहती है। ऐसे में आपको इसके सही नियमों के साथ इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए कि रुद्राभिषेक करने का सही समय क्या होना चाहिए और दिन और रात को मिलाकर किस समय में भूलकर भी आपको इस अनुष्ठान का आयोजन नहीं करना चाहिए। रुद्राभिषेक भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का एक प्रभावी तरीका है, जिससे जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति होती है। रुद्राभिषेक के दौरान, मंत्रों का उच्चारण और शिव जी की पूजा अर्चना करने से आत्मिक शांति और संतुष्टि मिलती है।

### सावन में रुद्राभिषेक करने के लिए सही समय

- सावन या किसी भी महीने में यदि आप रुद्राभिषेक का आयोजन कर रही हैं, तो आपको इसके सही समय की जानकारी जरूर लेनी चाहिए। सावन माह में न केवल सोमवार, बल्कि अन्य दिन भी भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माने जाते हैं।
- इस दौरान सोमवार को सावन सोमवार के रूप में पूजा जाता है तो मंगलवार देवी पार्वती को समर्पित होता है और इस दिन मंगला गौरी व्रत किया जाता है। इसी तरह से सावन के किसी भी दिन में रुद्राभिषेक करना बहुत शुभ माना जाता है।
- यदि हम शुभ समय की बात करें तो रुद्राभिषेक के लिए सबसे शुभ समय ब्रह्म मुहूर्त को माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि ब्रह्म मुहूर्त में रुद्राभिषेक करने से सभी देवताओं की ऊर्जा का फल एक साथ मिलता है।
- वहीं यदि आप इस समय में रुद्राभिषेक नहीं कर पा रही हैं तो सूर्योदय के बाद कभी भी इसका आयोजन किया जा सकता है। आपको कोशिश करनी चाहिए कि सूर्योदय से दोपहर के समय तक के समय में ही रुद्राभिषेक करें या फिर इसे प्रदोष काल में यानी सूर्यास्त से डेढ़ घंटे पहले के समय में भी किया जा सकता है।
- इसके साथ ही आप दिन के अमृत काल में भी रुद्राभिषेक कर सकती हैं, जिससे इसके पूर्ण फल प्राप्त हो सकते हैं। यदि हम रात के समय की बात करें तो आप रात्रि के समय भी रुद्राभिषेक कर सकती हैं। यही नहीं इस अनुष्ठान के लिए निशिता काल भी बहुत शुभ माना जाता है।

### किस समय रुद्राभिषेक नहीं करना चाहिए?

- जिस तरह से रुद्राभिषेक के लिए एक शुभ समय माना गया है, उसी तरह से आपको दिन और रात के कुछ विशेष समय में इस अनुष्ठान के आयोजन से बचने की सलाह भी दी जाती है।
- आपको भूलकर भी राहुकाल में रुद्राभिषेक नहीं करना चाहिए। राहुकाल में किसी भी तरह का पूजन करने से अशुभ फल प्राप्त होते हैं।
- इसके अलावा दोपहर के समय 12 से 3 बजे तक रुद्राभिषेक नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि दोपहर का समय सभी देवताओं के विश्राम का समय होता है, इसी वजह से इस समय कोई भी पूजा -पाठ न करने की सलाह दी जाती है।

### सावन में रुद्राभिषेक के लिए सबसे शुभ दिन कौन से होते हैं?

ज्योतिष की मानें तो सावन में रुद्राभिषेक के लिए सभी दिन विशेष माने जाते हैं, लेकिन यदि आप सावन के किसी भी सोमवार, नागपंचमी, तीज, सावन शिवरात्रि, कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, अष्टमी, अमावस्या और शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को घर पर रुद्राभिषेक का आयोजन करें तो ये विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। इनमें से किसी भी दिन इस अनुष्ठान को करने से शुभ फल मिलते हैं। वहीं यदि हम रुद्राभिषेक के लिए सबसे शुभ स्थान की बात करें तो किसी भी ज्योतिर्लिंग में रुद्राभिषेक करना सबसे ज्यादा फलदायी माना जाता है, इसके अलावा मंदिर में भी इसका आयोजन शुभ होता है।

